वर्ष : 06 अंक : 288

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

बुधवार, 24 अप्रैल 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### भारत-पाक बॉर्डर पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर श्रीगंगानगर में सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा है। अब उसे जॉइंट इन्क्वायरी सेंटर ले जाया जाएगा, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। अभी घुसपैठिए के भारतीय सीमा में आने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। बीएसएफ के मुताबिक श्रीकरणपुर इलाके के गांव 14 एस माझीवाला और नग्गी के बीच तारबंदी पार करके भारतीय सीमा में घुस रहे घुसपैठिए को जवानों ने ललकारा तो वह रुक गया। बीएसएफ जवानों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घुसपैठिया बहादुर अली (25) पुत्र मोहम्मद हनीफ पाकिस्तान के पाक पत्तन जिले के मोहजा बाहरा का निवासी है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि घुसपैठिए को श्रीकरणपुर सीमा पर पकड़ा गया है। उसे जॉइंट इन्क्वायरी सेंटर ले जाकर पूछताछ की जाएगी।

### हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते हुआ गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सीबीआई ने दिल्ली पुलिस थाना-शाहदरा के हेड कांस्टेबल और अन्य अज्ञात के खिलाफ एक शिकायत पर मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता के अनुसार हेड कांस्टेबल ने उसके घर के निर्बाध निर्माण की अनुमति देने के लिये शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद वह 20 हजार रुपये लेने पर राजी हो गया था। सीबीआई ने इस मामले पर कार्यवाई करने के लिये एक जाल बिछाया और आरोपी को शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के ठिकानों पर तलाश जारी है।

### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रक्षेपण

**नयी दिल्ली।** मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के नए संस्करण का मंगलवार को सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस मिसाइल का परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वाधान में किया गया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अपनी संचालन क्षमता साबित करते हुए नई प्रौद्योगिकी की सफलता की भी पुष्टि की।

## राजनाथ सिंह ने खूंटी में अर्जुन मुंडा के लिए मांगा जनसमर्थन, बोले

# भाजपा के मुख्यमंत्रियों पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं, दिलाएं ऐतिहासिक जीत

संवाददाता



**खूंटी।** राज्य के खूंटी लोकसभा सीट से मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अर्जुन मुंडा ने खूंटी के कचहरी चौक से रोड शो किया। इस दौरान गाड़ी पर उनकी पत्नी मीरा मुंडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो भी उपस्थित थे। रोड शो के बाद पतरा मैदान में भाजपा की जनसभा हुई। जनसभा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से जनसमर्थन मांगा। साथ ही केंद्र सरकार के स्तर से जनजाति समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए अर्जुन को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के बारे में बताने की जरूरत नहीं। यहां मुख्यमंत्री के तौर पर और केंद्र में मंत्री के तौर पर उनके योगदान को सभी ने देखा है।

राजनाथ ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बाबूलाल, अर्जुन और रघुवर दास यहां मुख्यमंत्री बने लेकिन भ्रष्टाचार का दाग किसी पर भी नहीं लगा। हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर कहा कि इस राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री कहां हैं, बताने की जरूरत नहीं। अपने इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी नहीं सुना कि कोई मुख्यमंत्री डेढ़ दिनों तक लापता रहा। राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आप जानते हैं। उनका पूरा जीवन हिंदुस्तान की जनता के लिए समर्पित है। 24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाला कोई नेता अपने जीवन में देखा है, तो नरेन्द्र मोदी भाई को देखा होगा। दिनभर कई सभाओं के बाद वह रात में दस बजे बैठक करते हैं। यदि भारत का मस्तक ऊंचा करना है तो ऐसा ही तपस्वी प्रधानमंत्री इस देश को चाहिए।

राजनाथ ने कहा कि दुनिया में यह धारणा थी कि भारत कमजोर है, जो कोई भी चाहता था वह भारत को आंख दिखा देता था। मैं आपको बताना चाहता हूं कि भारत का कद दुनिया में बढ़ा है। पहले लोग भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लेते थे। गांव में आपने देखा होगा कि कमजोर की बात कोई नहीं सुनता है। यही हाल भारत का था। आज भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोलता है तो पूरी दुनिया कान खोल कर सुनती। आज यह भारत है।

### तीन साल बाद अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान होगा

रक्षा मंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था पर कहा कि जब 2014 में मोदी प्रधानमंत्री बने तो भारत 11वें स्थान पर था। प्रधानमंत्री मोदी ने सात वर्षों में भारत को दुनिया के पांच देशों में लाकर खड़ा कर दिया। विश्व के अर्थशास्त्री दावा कर रहे हैं कि दुनिया में तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भारत है। आज से तीन साल बाद भारत दुनिया के तीन देशों में आकर खड़ा हो जाएगा। अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान होगा।

### किसी देश में वह काम नहीं हुआ जो हमारी सरकार ने किया

राजनाथ ने कहा कि देश में बिरसा मुंडा का योगदान सभी को पता है। भगवान बिरसा मुंडा को पहली बार किसी ने सम्मान दिया है तो हमारी सरकार ने दिया है। मैं मानता हूं कि वह गौरव के प्रतीक हैं। तिलका मांझी, फूलों झाने, चांद भैरव, टाना भगत इन सबको सम्मान मिला। हमारी सरकार समाज की अंतिम सीढ़ी पर बैठे लोगों को सम्मान दे रही है। आदिवासी कल्याण मंत्रालय भी देश में अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया है। इसका बजट छह गुना बढ़ा दिया गया है। ऐसे हजारों गांव हैं, जिन्हें कोई पूछता नहीं था। इन पिछड़ों की किसी ने नहीं सुनी लेकिन पहली बार 36 हजार गांवों तक सरकारी योजनाएं पहुंचीं। दुनिया के किसी देश में वह काम नहीं हो पाया जो हमारी सरकार ने किया है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने कहा कि भारत ने करिश्मा कर दिया।

## हेमंत सोरेन की जमानत पर एक मई को सुनवाई

संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया।

ईडी के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक ईडी को जबाव दाखिल करने का समय दिया है।

फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

## अंतू तिर्की सहित अन्य आरोपितों की रिमांड अवधि छह दिन बढ़ी

संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में मंगलवार को रिमांड पूरी होने के बाद झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय की रिमांड अवधि खत्म होने पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया गया। ईडी ने पूछताछ के लिए फिर से सात दिनों की रिमांड मांगी। इस पर कोर्ट ने छह दिनों (29 अप्रैल) तक के लिए रिमांड अवधि बढ़ा दी।

इससे पूर्व ईडी ने गत 16 अप्रैल को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद के ठिकानों पर छापेमारी की थी। साथ ही लंबी पूछताछ के बाद देर शाम चारों को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने फर्जी डीड बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सद्दाम को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसमें उसने कई अहम जानकारी दी थी। इसी आधार पर ईडी ने इन आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की। अब तक की पूछताछ में ईडी को इनसे कई अहम जानकारियां मिली हैं।

## पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना, बोले

# पिछली सरकार ने छत्तीसगढ़ में मेरे एक भी कार्य आगे बढ़ने नहीं दिया

एजेंसी

**रायपुर/सक्ति।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान 26 अप्रैल को होने हैं। ऐसे में बीजेपी-कांग्रेस सहित कई राजनीतिक पार्टियों के दिग्गज नेताओं का लगातार छत्तीसगढ़ दौरा हो रहा है। इसी क्रम में दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सक्ति जिला के बाराद्वार में चुनावी जनसभा की शुरूआत 'हमर बहिनी-भाई ददा सबो झन ल मोर जय जोहार' के साथ की।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा कि 10 साल से आपने देखा है, मैं लगातार काम कर रहा हूं। आपके के लिए दौड़ता रहता हूं। मोदी के लिए तो आप ही मेरा परिवार हैं। आप बहुत उदार हैं। आज फिर मैं आशीर्वाद मांगने आया हूं। आप लोगों को मोदी के लिए 1 घंटे निकालना है। मोदी को वोट करोगे और भारत को शक्तिशाली देश बनाने में अपना बहुमुल्य सहयोग करेंगे। मुझे जनता के आशीर्वाद पर अटूट भरोसा है, इसी भरोसे पर पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है कि फिर एक बार फिर मोदी सरकार बनाना है।

- जनसभा की शुरुआत 'हमर बहिनी-भाई ददा सबो झन ल मोर जय जोहार' के साथ की



### कुछ लोग खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानने लगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानने लगे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता ठुकराकर साधु-संतों का अपमान किया। उन्होंने आगे कहा कि सबने मान लिया था कि राममंदिर नहीं बनेगा लेकिन उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया। कांग्रेस वाले तो बुलावे के बाद भी नहीं आए।

### सबका साथ सबका विकास के सिद्धांतों पर चलती है भाजपा

प्रधानमंत्री ने कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद भी पहले दिन से तुष्टिकरण में लगी हुई है। ये कांग्रेस की डीएनए में हैं। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक छिनना पड़े तो एक सेकेंड भी नहीं लगाएंगे। भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है।

### संविधान कोई नहीं बदल सकता : सीएम साय

सीएम ने कहा कि कांग्रेस लोगों को बरगलाने का काम कर रही है और झूठ बोल रही है। कांग्रेस भाजपा पर आरोप लगाती है कि भाजपा तीसरी बार जीती तो संविधान बदल देगी। सीएम ने कहा कि संविधान कोई नहीं बदल सकता।

## सुप्रीम कोर्ट से बाबा रामदेव और बालकृष्ण को फिर मिला झटका

# माफीनामा अस्वीकार, 30 को पेश होने का आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एलोपैथिक दवाओं के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने के केस में बाबा रामदेव और पतंजलि का माफीनामा फिर अस्वीकार कर दिया। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को 30 अप्रैल को फिर सुप्रीम कोर्ट में पेश होना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को विज्ञापन का साइज बड़ा करने और माफीनामा को हाई लाइट करने के लिए कहा ताकि लोगों को समझ में आए। सुनवाई के दौरान पतंजलि के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हमने 67 अखबारों में माफीनामा दिया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या अखबारों को दिया गया माफीनामा उतने ही साइज का है जितना बड़ा



आप विज्ञापन देते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने आज सुनवाई का दायरा बड़ा करते हुए कहा कि मामला सिर्फ एक संस्था (पतंजलि) तक सीमित नहीं रखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि भ्रामक विज्ञापन के जरिए उत्पाद बेच कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली बाकी कंपनियों के खिलाफ उसने क्या कार्रवाई की है। कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से पूछा कि एलोपैथी डॉक्टर खास ब्रांड की महंगी दवाइयां अपने पर्चे में क्यों लिखते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल मेडिकल कमीशन से पूछा कि क्या जानबूझकर महंगी दवा लिखने वाले डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट ने हर राज्य की दवा लाइसेंसिंग ऑथोरिटी को भी मामले में पक्षकार बनाया है।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 अप्रैल और इससे पहले दो अप्रैल को भी माफीनामा अस्वीकार कर दिया था। जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि आपकी ओर से आश्वासन दिया गया और उसके बाद उल्लंघन किया गया।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को सात मई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आम आदनी पार्टी नेता श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया।

केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया।

## सात मई तक न्यायिक हिरासत में रहेगी कविता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने बीआरएस नेता के. कविता को 7 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज के. कविता की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। सीबीआई ने के. कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थी। इसके पहले के. कविता आबकारी घोटाला मामले के मनी लॉड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में थी। सीबीआई ने इस मामले में के. कविता से 6 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में पूछताछ की थी।

## समुद्री चुनौतियां | चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढायेंगे भारत और ओमान

# पांचवीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक में बनी सहमति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और ओमान ने समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए एक दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है इससे क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षक (आरओपीसीजी) के बीच मंगलवार को यहां पांचवीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक में यह सहमति बनी। इस बैठक को समुद्री क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय अवैध गतिविधियों से निपटने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों में मील का पत्थर माना जा रहा है।

रॉयल ओमान पुलिस कोस्ट गार्ड के सहायक कमांडिंग अधिकारी कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी



ने बैठक में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यह उच्चस्तरीय चर्चा भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में क्षमता निर्माण कार्यक्रम, तटरक्षक बलों के जहाजों की एक दूसरे के यहां यात्रा, सी राइडर कार्यक्रम के कार्यान्वयन, प्रदूषण रिपोर्टिंग केंद्रों और परस्पर सहयोग पर आधारित व्यवस्थाओं के बीच पेशेवर संबंध स्थापित करने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दोनों पक्षों ने समुद्री चुनौतियों से निपटने में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिससे क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा ढांचे को मजबूत किया जा सके।

'आत्मनिर्भर भारत' योजना के तहत ओमान के प्रतिनिधिमंडल को भारत की पोत निर्माण क्षमताओं से परिचित कराने के लिए गुरूवार को यहां रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षक प्रतिनिधिमंडल और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर (एसआईडीएम) के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक की भी योजना है।

# लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 95 सीटों पर 1,351 उम्मीदवार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोक सभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर एक हजार 351 उम्मीदवार मैदान में हैं। तीसरे चरण में इस सीटों पर मतदान सात मई को कराये जायेंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि तीसरे चरण के चुनाव के लिये नाम वापसी की प्रक्रिया सोमवार को समाप्त होने के बाद कुल 1,351 उम्मीदवार बचे हैं। आयोग ने कहा है कि इनमें मध्य प्रदेश की बैतूल (अजजा) क्षेत्र के आठ प्रत्याशी और गुजरात के सूरत निर्वाचन क्षेत्र में निर्विरोध निर्वाचित एक प्रत्याशी का नाम भी शामिल है।

गौरतलब है कि बैतूल निर्वाचन क्षेत्र की चुनाव प्रक्रिया द्वितीय चरण में संपन्न होनी थी। बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण यहां चुनाव स्थगित कर दिया गया है। नाम वापस लेने के बाद गुजरात में 26 सीटों पर 266 प्रत्याशी, महाराष्ट्र में 11 सीटों पर 258, कर्नाटक में 14 सीटों पर 227, छत्तीसगढ़ में सात सीटों पर 168, मध्य प्रदेश में नौ सीटों पर 127, उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर 100, पश्चिम बंगाल में चार सीटों पर 57, बिहार में पांच सीटों पर 54, असम में चार सीटों पर 47, जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 20, गोवा की दो सीटों पर 16, दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव में दो सीटों पर 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे हैं। बैतूल सहित 95 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के लिये कुल दो हजार 963 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इस चरण के लिये पर्चे दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल थी और नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1,563 पर्चे वैध पाये गये थे।

तीसरे चरण के चुनाव में गुजरात में 26 संसदीय सीटों के लिये कुल 658 नामांकन पत्र मिले थे, उसके बाद महाराष्ट्र की 11 सीटों से लिए 519, कर्नाटक में 14 सीटों के लिए 503, छत्तीसगढ़ की सात सीटों के लिये 319 और उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के लिये 271 नामांकन पत्र आये थे।



## अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से भरा नामांकन पत्र

**खूंटी।** भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने कर्रा के सोनमेर मंदिर और अंगराबारी में मत्था टेका। इस मौके पर पूर्व सांसद व वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो उपस्थित थे।



## कालीचरण मुंडा ने भी खूंटी लोस सीट से भरा नामांकन पत्र

**खूंटी।** कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। पहले मंगलवार को रांची के तमाड़ स्थित मां दिउड़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना कर मां दिउड़ी का आशीर्वाद लिया। मैं निरंतर माता के दरबार में हाजिरी लगाने आता हूं।

# पुलिस ने बंदूक के साथ दो हथियार तस्करों को पकड़ा



### गुप्त सूचना पर जगरनाथपुर थानेदार ने की कार्रवाई

### नक्सलियों को भी करते थे हथियार सप्लाई, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**रांची।** जगरनाथपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक नाली बंदूक व गोलियों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में डाउद नगर औरंगाबाद का गुजरान कुमार सिंह और आरा के नारायणपुर का गुड्डु चौधरी शामिल है। इन दोनों के पास से पुलिस ने एक नाली वाला बंदूक व गोलियां मोबाइल पिट्ठु बैग आधार कार्ड सहित कई चीजें बरामद किया है।

मामले की जानकारी देते हुए जिले के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी की हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो संदिग्ध एक बैग में हथियार जैसा कुछ सामान लेकर घूम रहे हैं। जिस पर जगरनाथपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर एचडी प्रसाद के नेतृत्व में थाने की टीम ने त्वरित कार्रवाई किया, और दोनों संदिग्धों से पूछताछ करने के बाद उनके बैग की जांच की जिसमें 12 बोर का एक नाली वाला बंदूक और गोलियां बरामद की गयी। पुलिस गिरफ्त में आये दोनों आरोपियों ने उक्त बंदूक का फर्जी लाइसंस दिखाया जो लखनऊ और गया से अवैध बना हुआ पाया गया।

### अवैधर हथियार दिखा कर करते थे अवैध काम

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि देश भर में कुछ लोगों का रैकेट है जो अवैध हथियार का फर्जी पेपर बना कर अलग अलग राज्यों व जिलों में जा कर बैंको व अन्य अधिकारियों के दरबार में गन मैन की नौकरी पकड़ लेते हैं और जब कभी कुछ अनहोनी हो जाता है तो ऐसे लोग भाग खड़े होते हैं। पुलिस को यह भी सूचना मिली है कि रैकेट में शमिल लोग प्राईवेट नौकरी के बहाने नक्सलियों व उग्रवादियों को भी हथियार मुहैय्या कराते हैं,फिलहाल पुलिस इस बिंदू पर भी तहकीक कर रही है।

## एसटीएफ ने एक अपराधी को किया गिरफ्तार

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र में बिहार एसटीएफ टीम ने एक अपराधी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार स्वर्णरेखा नदी के तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर से पूजा करके निकल रहे एक अपराधी अमित पांडेय उर्फ ब्रजेश को पकड़ा है। बिहार एसटीएफ ने फिल्मी अंदाज में उसे गिरफ्तार किया। फिर उसे स्कॉर्पियो वाहन में बैठाकर टीम निकल गयी। बताया जा रहा है कि इस पर हत्या का मामला दर्ज था। साथ ही सीतामढ़ी कोर्ट से वांरट भी जारी था।

## एक नजर

### कालीचरण मुंडा ने मां दिउड़ी में की पूजा-अर्चना



**रांची।** इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले मंगलवार को रांची के तमाड़ स्थित मां दिउड़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना कर मां दिउड़ी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि दिउड़ी माता रानी पर मेरी अटूट आस्था है। मैं निरंतर माता के दरबार में हाजिरी लगाने आता हूं। चुनाव की तैयारी भी मैंने माता रानी के दरबार से आशीर्वाद लेकर ही शुरूआत की थी।

### सनातन महापंचायत की गीता पाठ प्रतियोगिता

**रांची।** श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मंगलवार को रांची के हेहल स्थित डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने गीता के कई श्लोकों और अध्यायों को पढ़कर उसका विवेचन भी किया। गीता पाठ में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच गीता के उचित ज्ञान को बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है। गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। जीवन में बढ़ रहे तनाव को कम करने की एकमात्र विधि गीता है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के तौर पर डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के युवा संयोजक डॉ अनिल कुमार, समाजसेवी शुभम चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

### हनुमान जी की आराधना से कष्ट दूर होते है: आदित्य



**रांची।** हनुमान जयंती के मौके पर आदित्य विक्रम जायसवाल ने मंगलवार को चुटिया स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना कर हनुमान जी का झंडा लगाया एवं भोग वितरण किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि आने वाले सप्ताह के हर शनिवार को राजधानी के हर एक नये मंदिर में आरती एवं भोग वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम सनातन सशक्तिकरण, एकता एवं हिंदुत्व को बढ़ावा मिले इसके लिए किया जाएगा। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में हो रहे अनिल के बेटी के विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया। और कहा कि पवनपुत्र सबों के जीवन में सुख शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। हनुमान जी का समर्पण भाव सनातन धर्म के समस्त युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर पंडित गोकुल दास,अनिल सिंह, कृष्णा सहाय,संजीव महतो,गुजा तिरकी, भोला नायक,पप्पू राम, पाजी छोटू सिंह,रौनक कुमार,रवि श्रीवास्तव,वीजेंद्र सिंह,हरमींदार रजक,वीरू साहू आदि लोग मौजूद थे।

### तिन के काज शक्ल तुम साजा... के गुणगाण से भक्तिमय हुआ बाबा का दरबार

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर सुबह भगवान सत्यनारायण की कथा हुई। इसके बाद हनुमान जयंती के मौके पर भगवान के दरबार का फूल-पत्तियों से सजा कर विभिन्न प्रकार के प्रसाद एवं फल भी बालाजी महाराज को भोग अर्पित किया गया। इसके बाद 98 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ के क्रम में मन क्रम वचन ध्यान जो लावे सब पर राम तपस्वी राजा, तिन के काज शक्ल तुम साजा...... के गुणगाण से पूरा मंदिर परिसर और आसपास का माहौल हनुमानमय हो गया था। पुनम-प्रमोद पोद्दार ने परिवार संग दिव्य अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ पाठ किया। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी श्रवण ढानढनिया सहित काफी संख्या में भक्तों ने पाठ में भाग लिया।

# लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक अतिक्रमण न होने दें : हाई कोर्ट

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को खाली रखें। इस सड़क का अतिक्रमण न होने दे।

रांची नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लालपुर में नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद बचे स्थान पर अभी सब्जी विक्रेताओं को रखा जाएगा। सब्जी विक्रेताओं को सड़क से काफी दूर रहने को कहा गया है। दो माह में सब्जी विक्रेताओं के लिए डिस्टलरी पुल के निकट वेंडर मार्केट बनने पर उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।

नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों से खाली कराए गए जगह पर पार्किंग बनाने के लिए उपायुक्त से एनओसी मांगा गया है। एनओसी मिलने के बाद वहां लोगों के लिए फ्री पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। चार कांस्टेबल स्थाई रूप से लालपुर में ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। बाइक से भी पुलिसकर्मी लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक की सड़क जाम ना हो यह सुनिश्चित करेंगे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई नौ मई को होगी।



### जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई : हाई कोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने झारखंड विधानसभा एवं राज्य सरकार से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई की फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट इन दोनों से जानना चाहती है कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने पर सरकार और विधानसभा ने आगे क्या प्रक्रिया अपनाई थी। मामले में कोर्ट ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को प्रतिवादी बनाया है।इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट छह माह के भीतर विधानसभा के पटल पर नहीं रखी जा सकी थी, जिस कारण दूसरा आयोग बनाना पड़ा था। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 13 मई निर्धारित की है।पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को विधानसभा नियुक्ति से संबंधित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट के साथ एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

# धूमधाम से हनुमान जयंती संपन्न

वरीय संवाददाता

**रांची।** श्री सालासर हनुमान मंडल रांची का श्रीहनुमान जन्मोत्सव मंगलवार को श्री सालासर हनुमान मंदिर, मारवाड़ी ब्राह्मण भवन प्रांगण में धूमधाम से संपन हुआ। महोत्सव की आरंभता सुबह सात बजे नयनाभिराम झांकी, अखंड ज्योत, रसमाधुरी श्रृंगार से सुसज्जित सालासर बालाजी के सानिध्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रातः 8 बजे गणेश पूजन सह अखंड ज्योत मुख्य यजमान रमेश शर्मा सहपत्नी ने ज्योत प्रज्वलीत किया। इसके बाद सुबह 9 बजे से 151 संकल्पित महिलाओं द्वारा राजस्थानी परिधान पहनकर सामूहिक सस्वर सुन्दरकाण्ड पाठ जनार्धन जी जोशी के सानिध्य में किया गया। सांय 4 बजे से 108 सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ का हुआ। कार्यक्रम के दौरान दिनभर भक्तो के द्वारा छप्पन भोग व सवामणी भोग अर्पित किया गया। इसके बाद स्थानिय भ्जन कलाकारों की ओर से भजन जो राम को लाए हैं हम उनको लीएगे, जय हनुमान ज्ञान गुण सागर और बालाजी महाराज के जयकारों के साथ भक्तों ने नृत्य कर भगवान के दरबार में अर्जी लगाकर कार्यक्रम को और भव्य बना दिया था। रात्रि 10 बजे महाआरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ।



### आईएस अमन शर्मा ने परिजन संग टेका माथा

चाईबासा जिला के आईएस अमन अग्रवाल अपनी माताजी श्रीमती बबिता अग्रवाल ने साथ मंगलवार को सालासर बाबा का ज्योत व आशीर्वाद लिया, प्रांतीय सम्मेलन के महामंत्री रवि शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज बजाज व ब्राह्मण सभा अध्यक्ष रमेश शर्मा ने श्री अग्रवाल को शॉल व अंगवस्त्र, पुष्पगुछ देकर स्वागत किया।

### ये रहे उपस्थित

मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा, शंकर शर्मा, किशन लाल शर्मा, अरुण जोशी, श्याम सुंदर गोवला, अशोक पुरोहित, प्रदीप कुमार शर्मा, महेंद्र शर्मा, अमित सारस्वत, गुलाब शर्मा, धर्मचंद शर्मा, नथमल शर्मा, कमल शर्मा, सुनील शर्मा, राहुल शर्मा, मनीष शर्मा, भगवती व्यास गुड्डू, चेतन माटोलिया सहित कई अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

# नशीली पदार्थ के साथ चार गिरफ्तार



वरीय संवददाता

**रांची।** पुंदाग पुलिस ने मिली सूचना पर ब्राउन शुगर की खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार गुनाहगारों को पकड़ा है।

पुलिस गिरफ्त में आये लोगों में पुंदाग के मतिउर रहमान,फैजल अंसारी रिजवान अंसारी और कडरु का दानिश खान शामिल है। पुलिस ने इन चारो की तलाशी ले कर कुल 237 पुड़िया ब्राउन शुगर एक टेंपो मोटरसाइकिल मोबाइल और ब्राउन शुगर बिक्री के कुल 4800 रुपया जब्त किया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के मुताबिक राजधानी में बढ़ते नशे के कारोबार और कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए जिले के सभी थानों में टीम बनायी गयी है। जो अपने स्तर से जानकारी हासिल कर एसएसपी के निर्देश पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस दौरान पुंदाग ओपी पुलिस को भी खूफिया तंत्रो से सूचना मिली थी की पुंदाग में अंतर्राज्यीय गिरोह से जुड़े कुछ लोग जाफर टोली पुराना सामुदायिक भवन में जमा है जो ब्राउन शुगर के धंधे से जुड़े हैं। इसी सूचना पर हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कार्रवाई की गयी।

## इजहार अंसारी की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पूर्व मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। पिछली सुनवाई में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई थी। करोड़ों रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था।

# बल-बुद्धि के भंडार हैं श्रीहनुमान जी : देवी सिंह



संवाददाता

**रांची।** राजधानी के कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को पूजन और पुष्पांजलि कर सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा श्री हनुमान जी हर काल में रहने वाले भगवान हैं। श्री हनुमान जी बल बुद्धि के भंडार हैं, जो भी भक्त उनके शरण में जाते हैं सदैव बलवान और विवेकशील होने का वरदान पाते हैं। उन्होंने कहा महाभारत काल में भी अर्जुन के रथ के ध्वज के साथ हनुमान जी विराजमान थे, जिसके कारण अर्जुन का रथ सुरक्षित रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद विशेष संपर्क विभाग के प्रांत सहप्रमुख प्रिंस अजवानी ने कहा कि अनुशासन हम मानवों का श्रृंगार होता है।

इस अनुशासन रूपी श्रृंगार के धारण से सदैव मानव कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री हनुमान जी भी अनुशासन के धुरी के समान है। वे सदैव सेवा करने वाले लोगों के प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को यदि पाना है तो सबसे पहले हनुमान जी को शरण में लेना पड़ेगा। इस अवसर पर रामकिशोर साहू, सुनीता कश्यप, कुसुम टोप्पो सुनीता मुंडा, विजय उरांव, बालचंद उरांव, मनीष साहू, राकेश चंद्र झा, चंदन कुमार, रिंकी देवी शहीद कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

### छेड़छाड़ के आरोपित बुजुर्ग को तीन साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित अमूल कांति लाल (65) को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर उसे एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने आरोपित को आईपीसी की धारा 354 और पॉक्सो की सेक्शन आठ के तहत दोषी पाकर तीन-तीन साल की सजा सुनाई है । दोनों धारा की सजा साथ- साथ चलेगी। मामले में अभियोजन की ओर से छह गवाह की दर्ज कराई गई थी। आरोपित कांति लाल साहू पेशे से शिक्षक है।

## वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार जारी

संवाददाता



**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की के वारंट का इश्तेहार जारी किया है। पिछले दिनों झारखंड हाई कोर्ट ने भी वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी कोर्ट भी दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर चुका है। इस केस के मुख्य आरोपित वीरेंद्र राम फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी, 2023 को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। इस दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

एक नजर

### मृणालिका ने बच्चों संग बांटी खुशियां



**बोकारो :** हनुमान जयंती के अवसर पर स्वंयसेवी संस्था मृणालिका सपनों की उड़ान ने केंद्रीय विद्यालय के समक्ष बच्चों व राहगीरों के बीच स्वादिष्ट खीर का वितरण किया।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्षा ऊषा प्रसाद ने बताया कि हजारों की संख्या में बच्चों और राहगीरों ने जमकर खीर का लुत्फ उठाया।संरक्षक ए एस गंगवार ने बोकारो वासियों को हनुमान जयंती की बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी बाबू कूवंर सिंह के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान की याद दिलाई। वरीय सदस्या किरण मिश्रा ने बताया कि आज का यह भव्य आयोजन संस्थापक सदस्या किशु सिंह के सौजन्य से किया गया।दरअसल में उन्होंनें अपने ससुर स्वर्गीय देवता प्रसाद सिंह की दूसरी पूण्य तिथि के शुभ अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया। श्री सिंह बोकारो के पूर्व राजभाषा अधिकारी ,हिन्दी रत्न और काफी नामी समाजसेवी थे।टीम मृणालिका ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरीय सदस्या किरण मिश्रा,ऊषा किरण, किशु सिंह, समरेश सिंह, अभय ओझा, शेफालिका, गन्नू महाराज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गयी हनुमान जयंती



**बोकारो :** कथारा चार नंबर कॉलोनी ग्राउंड स्थित हनुमान चबूतरे पर बड़े हर्षोल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव की पूजा व अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पुरोहित रवि पांडेय द्वारा भगवान बजरंगबली के जन्म उत्सव पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ तसमई एवं खिचड़ी महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने कॉलोनी सहित पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए शांति समृद्धि और खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना की। मालूम हो कि श्री श्री सार्वजनिक हनुमान जयंती पूजा समिति के संरक्षक एवं मुख्य यजमान शिव शंकर नोनिया उर्फ पप्पू चौहान ने कहा कि सभी लोगों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बड़े हीं धूमधाम से पूजा कार्यक्रम संपन्न किया जाता है। इस दौरान लगभग डेढ़ से दो हजार श्रद्धालुओं के बीच तसमई एवं खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस स्थल पर मन्नत वाले हनुमान के नाम से प्रसिद्ध इस चबूतरे से लोगों की बहुत आस्था जुड़ी हुई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पप्पू चौहान, रणजीत सिंह, संजू चौहान, चंदन कुमार, विजय चौहान, पप्पू रवानी, प्रहलाद मेहता, रवि चौहान, रमेश चौहान,,रामजी चौहान, मुकेश चौहान, पूना कुमार, विजय नोनिया, दीपक चौहान, टिंकू चौहान, कुंदन चौहान, सूर्यदीप कुमार, रामकपूर चौहान,गोलू कुमार, संजय चौहान आदि सहित कई लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

### देवघर से बोकारो आकर साइबर ठगी करनेवाले 6 बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

**बोकारो :** बोकारो पुलिस ने देवघर से बोकारो आकर साईबर क्राईम करने वाले 6 लोगों को गिरफतार किया है। बताया जाता है कि पुलिस तकनीकी शाखा बोकारो को कुछ साईबर क्राईम से संबंधित संदिग्ध मोबाईल नम्बर की जानकारी मिली थी।।जिसका सत्यापन एवं आवश्यक करर्वाई हेतू पुलिस अधीक्षक बोकारो के निदेर्शानुसार एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध मोबाईल नम्बर के लॉकेशन के आधार पर चिरा चास थाना अन्तर्गत सोलागिडीह गांव स्थित एक मकान में छापामारी की। जहां से कुल 6 साईबर अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से साईबर क्राईम में उपयोग किये जाने वाले मोबाईल को जब्त किया गया है। इस संबंध में मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया। इस घटना में देवघर जिला अंतर्गत पर्वतपुर, पोस्ट मथुरापुर, थाना जसीडीह निवासी 33 वर्षीय मो राजा असारी, देवघर जिला अंतर्गत धाड़ी, पोस्ट ब्रहमशोली थाना चित्रा निवासी 25 वर्षीय रहमान अंसारी, देवघर जिला अंतर्गत थाना सरवा थाना, पोस्ट मनीगढ़ी, ग्राम जियाखडा निवासी 21 वर्षीय मो जियाउल असारी, देवघर जिला के रघुनाथपुर, थाना खागा, पोस्ट आसन निवासी 34 सबीर असारी, 30 वर्षीय इसराईल असारी तथा 27 वर्षीय समशाद अंसारी शामिल है. गिरफ्तार युवकों के पास से 12 एन्ड्रायड मोबाईल (सीम सहित), एक एसर कम्पनी का लेपटॉप तथा एक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम रुपे डेबिट कार्ड बरामद किया गया है। छापेमारी दल में पुअनि चंदन कुमार दुबे, चिरा चास थाना प्रभारी, पंकज कुमार जयसवाल, तकनी की शाखा, आरक्षी मनोज कुमार, तकनीकी शाखा, कामेश्वर महतो, तकनीकी शाखा, हवलदार नागेन हासंदा, चिरा चांस थाना रिजर्व गार्ड, इरसाद असारी, चिरा चारा थाना रिर्जव गार्ड, वीर बहादुर सिंह, चिरा चास थाना रिजय गार्ड, पिन्टू कुमार शाही, चिरा चास थाना, जाकिर हुसैन, चिरा चास थाना शामिल थे।

## डीवीसी बीटीपीएस में साउथ वेस्ट जोन के सप्लाई श्रमिकों का आक्रोश फूटा

# बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर मजदूरों ने डीजीएम को चार घंटे तक घेरा

संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी सिविल अंतर्गत साउथ वेस्ट जोन के सभी सप्लाई मजदूरों ने मार्च माह के बकाए वेतन भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार को डीजीएम सिविल विश्व मोहन गोस्वामी और प्रबंधक राहुल उरांव का घेराव कर दिया। उन्हें उनके ही कार्यालय में सुबह नौ बजे से लगातार चार घंटे तक घेर डाला। आंदोलनकारी मजदूरों का नेतृत्व डीवीसी ठेका मजदूर संघ के महामंत्री भरत यादव कर रहे थे। मजदूरों में से मिथिलेश सिन्हा, अनिल सिंह, रमेश



ठाकुर, लालू साव, लक्ष्मी लाल, शिबू घांसी, बासदेव राम, राजन राम, मंगरा घांसी, किशोरी राम, हरि चरण घटवार, शिकारी मांझी, मेझला मांझी, सानू मांझी, करमचंद मांझी, जिरवा देवी, नरेश घांसी, प्रदीप घांसी, मोहन मांझी, मानो देवी आदि का कहना था कि डीवीसी सिविल के डीजीएम द्वारा उनका मार्च माह का वेतन भुगतान नहीं किया है। इसके पूर्व, 8 अप्रैल को मजदूरों के द्वारा दो माह का भुगतान की मांग को लेकर जब डीजीएम सिविल का घेराव किया गया था, तो उन्होंने संघ के महामंत्री को आश्वासन दिया था कि एक दो दिनों के अंदर दोनों माह का भुगतान मजदूरों को कर दिया जाएगा, परंतु मजदूरों को सिर्फ फरवरी माह का ही भुगतान किया गया था।

वेतन भुगतान के अभाव में मजदूरों को आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। संघ के महामंत्री भरत यादव का कहना था कि डीजीएम सिविल ने आश्वासन के बाद भी मजदूरों के मार्च माह के वेतन का भुगतान नहीं किया गया। बाद में डीजीएम सिविल ने संघ के महामंत्री को आश्वस्त किया कि उन्होंने मजदूरों के वेतन भुगतान संबंधी कागजात परियोजना प्रधान के पास भेज दिया है। संघ के महामंत्री ने एचओपी आनंद मोहन प्रसाद से मामले को लेकर बात की तो उनका कहना था कि बुधवार तक सभी मजदूरों का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। मार्च माह का भुगतान बुधवार तक कर देने का आश्वासन के बाद घेराव आंदोलन को चार घंटे बाद समाप्त कर दिया गया।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का लिया जायजा

# वोटरों की सुविधाओं का रखें ख्यालः डीडीसी

संवाददाता

**बोकारो :** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, एसडीपीओ बेरमो वीएन सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, महादेव महतो, अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार महतो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। डीडीसी ने क्रमवार विभिन्न मतदान केंद्रों के साथ निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जाने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल/बिल्डिंग का भी जायजा लिया। इस दौरान पूर्व में दिए निर्देशों के अनुरूप चहारदीवारी, शौचालय आदि के निर्माण कार्य को देखा और जरूरी दिशा-निर्देश दिया।




डीडीसी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र माने जानेवाले सीएपीएफ ठहराव स्थल हरिजन आदिवासी विकास उ.वि. तिसकोपी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 09/10 म.वि. चतरोचट्टी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 33/34 उ.म.वि कुर्कनालो गोमिया,उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुलबुल एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुलबुल, सीएपीएफ ठहराव स्थल आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल, झुमड़ा, रहावन, पचमो के विभिन्न मतदान केंद्रों आदि का निरीक्षण किया।

इस दौरान सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने केंद्र परिसर की साफ-सफाई, बिजली आपूर्ति, मूलभूत सुविधाओं को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया। सीएपीएफ ठहराव स्थल वाले विद्यालय भवनों में आवश्यकता अनुरूप निमार्णाधीन अतिरिक्त शौचालय निर्माण, चहारदीवारी निर्माण आदि को देखा। संबंधित कार्य एजेंसी को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए ससमय निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के सुविधाओं का हरसंभव ख्याल रखा जाय।

## बोकारो रोटरी ने यूनियन बैंक में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

# जोखिमों से बचने के लिए नियमित कराएं अपनी सेहत-जांच : दास



संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की ओर से मंगलवार को मुस्कान अस्पताल एवं यूनियन बैंक, मुख्य शाखा, सेक्टर 4 के सहयोग एवं सौजन्य से यूनियन बैंक परिसर में एक स्वास्थ्य-जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एक चम्मच कम, एक कदम आगे, अपना नंबर जानें नामक कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 78 लोगों के वजन, ऊंचाई, बीपी, शुगर आदि की जांच की गई। सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित भी किया गया।

सर्वप्रथम क्लब के अध्यक्ष घनश्याम दास ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किस तरह हम नियमित जांच और स्वच्छ आचरण द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से पहले ही सतर्क हो सकते हैं। शिविर के अंत में यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक सतीश कुमार लाल ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए रोटरी क्लब के सभी सदस्यों का शिविर के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुस्कान अस्पताल के निदेशक डॉ. एससी मुंशी के साथ उनकी पूरी टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

टीम में शामिल मुस्कान अस्पताल के डॉक्टर विनोद कुमार, अनुरंजन कुमार, संतोष कुमार और पूजा भंडारी की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ साथ बैंक के कनिष्ठ कर्मचारियों ने भी इस शिविर के सफल आयोजन में महती भूमिका निभाई।

# कुंवर सिंह जयंती पर मरीजों में फल वितरित



संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** वीर कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर मंगलवार को बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल के इनडोर में भर्ती मरीजों के बीच फलों एवं मिठाई का वितरण डीजीएम हेल्थ डॉ एसके झा सहित संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किया। इसके पूर्व, बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क में वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह समिति के द्वारा कुंवर सिंह की 167वीं जयंती मनाई गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के जीएम विद्युत एस भद्रा एवं विशिष्ट अतिथि डीजीएम बीजी होलकर ने कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए जीएम ने स्वतंत्रता संग्राम में वीर कुंवरजी के अनुकरणीय अवदानों पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज को संगठित करने की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह को बृजकिशोर सिंह, केपी सिंह आदि ने भी संबोधित किया। संचालन सर्व देव सिंह तथा अध्यक्षता एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के अध्यक्ष केपी सिंह ने किया।

# लापता दारोगा पुत्र का क्षत विक्षत शव मिला

**17 मार्च को ही रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था सन्नी रंजन घोषाल**

**जेपीएससी की परीक्षा देने पेटरवार सेंटर आया था युवक**



संवाददाता

**बोकारो :** बिहार पुलिस की दारोगा राखी घोषाल का लापता इंजीनियर बेटे सन्नी रंजन घोषाल का क्षत विक्षत शव रेलवे बालीडीह थाना पुलिस ने मंगलवार को बोकारो रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूर स्थित एक यार्ड के नीचे झाड़ियों में ड्रेनेज से बरामद किया है। उक्त युवक 17 मार्च से हीं रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था। मृतक की मां भागलपुर निवासी राखी घोषाल मधुबनी के कलुआही थाने में पदस्थापित हैं। बताया जाता है कि 17 मार्च को उनका इंजीनियर बेटा सन्नी रंजन घोषाल बोकारो के पेटरवार सेंटर में जेपीएससी की परीक्षा देने पहुंचा था। परीक्षा देने के बाद अपने एक मित्र के साथ बोकारो रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां मित्र को मौर्य एक्सप्रेस में बैठाने के बाद वह रेलवे स्टेशन से बाहर निकला और रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था। इससे पूर्व परीक्षा खत्म होने के बाद दारोगा राखी घोषाल से फोन पर उनके लापता बेटे की जब बात हुई थी, उस वक्त वह घबराया हुआ था। उस वक्त उसने मां को कहा था कि वह सुबह घर पहुंच जाएगा। लेकिन घर पहुंचने से पहले 17 मार्च की रात को उसका फोन बंद हो गया। 18 मार्च को बेटा मधुबनी नहीं पहुंचा तो उसकी मां उसकी तलाश में बोकारो पहुंची। चूंकि मां बिहार पुलिस में दारोगा हैं, तो विभागीय स्तर पर बेटे का लास्ट लोकेशन उन्हें बालीडीह थाना क्षेत्र में मिला। इस लिहाज से वो बोकारो आने के बाद सीधा बालीडीह थाने पहुंचीं। इधर इस मामले पर एसपी पूज्य प्रकाश के संज्ञान में मामला आया, तो वो इसे गंभीरता से लेते हुए लापता युवक की तलाश में हर संभव प्रयास का भरोसा दिलाया। फिर 24 मार्च को दारोगा ने जीआरपी में गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया। बेटे के गायब होने के बाद कई बार उसकी तलाश में उसकी मां बोकारो पहुंची, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया था। इधर मंगलवार सुबह रेलवे स्टेशन के निकट शव मिलने की खबर के बाद रेलवे जीआरपी, आरपीएफ एवं बालीडीह थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई है। इधर पुलिस ने मृतक के घरवालों को घटना की सूचना देकर शव के शिनाख्त के लिए बोकारो बुलाया है। परिजनों के द्वारा शिनाख्त के बाद हीं मृतक का पहचान स्पष्ट हो पायेगा।

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर... से गूंजा चिन्मय मिशन का इलाका

**घोर कलयुग में भी अमोघ और अमृतमय है हनुमान की साधना : स्वामिनी संयुक्तानंद**

**11 बार हनुमान चालीसा का पाठ कर विश्व शांति की कामना**



संवाददाता

**बोकारो :** नगर के सेक्टर-5 स्थित चिन्मय मिशन आश्रम में मंगलवार को श्रीराम भक्त शिरोमणि हनुमानजी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने पवनपुत्र हनुमान लला की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने सुरमय संगीत के साथ समवत स्वर में 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया, साथ ही श्री हनुमानजी के 108 नामों का उच्चारण भी किया। उनसे विश्व के कल्याण की प्रार्थना की गई। अपने संबोधन में स्वामिनी संयुक्तानंदा जी ने हनुमान जी के विभिन्न रूपों तथा गुणों का वर्णन किया। उन्होंने हनुमान चालीसा पाठ के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि हनुमानजी की साधना-आराधना का अर्थ है प्रभु श्रीराम की आराधना। वे प्रभु श्रीराम के दुलारे, प्रिय एवं परमभक्त है। अष्ट सिद्धि और नवनिधि के दाता हैं। श्रद्धापूर्वक नित्य हनुमानजी की आराधना से, हनुमान चालीसा पाठ करने से बल, बुद्धि, विनम्रता एवं दिव्य शक्ति की प्राप्ति होती है। इसलिए, इस घोर कल्किकाल में भी हनुमान चालीसा पाठ, उनकी पूजा-अर्चना, साधना अमोघ है, अमृत के समान है। हनुमानजी सभी कष्टों को हरने वाले हैं। हनुमान चालीसा या हनुमान मंत्र का जाप करने से मानसिक शांति और सांत्वना मिल सकती है। वे आपके मन को स्थिर और प्रसन्न करते हैं।

इसके पूर्व, प्रातःबेला में चिन्मय विद्यालय में भी हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव से पूजा अर्चना एवं पुष्पांजलि के बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि देबजानी मिश्रा एवं सीआर मिश्रा (सीजीएम, मेटेरियल, बोकारो स्टील प्लांट, सेल) चिन्मय मिशन अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, विद्यालय कोषाध्यक्ष आर एन मल्लिक, प्राचार्य सूरज शर्मा, चिन्मय मिशन बोकारो के सचिव हरिहर राऊत, उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमा , रेनबो पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विपुल सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ अशोक सिंह, चिन्मय विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सदस्यों के साथ साथ चास बोकारो के सैकड़ों श्रद्धालु एवं मिशन के सदस्य उपस्थित थे। संगीत विभाग के शिवेन चक्रबर्ती, जय किशन राठौड़, पद्मावती घड़ई, रूपक झा, दिनेश कुमार, पंकज कुमार मिश्रा ने संगीत से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# टोंडरा, लोदकियारी एवं बगियारी में भोक्ता पर्व पर छऊ नृत्य का आयोजन

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के लोधकियारी व बगियारी एवं जरीडीह प्रखंड के टोंडरा में भोक्ता पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शिवालयों में पूजा करने के लिए आसपास के गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। रात को छऊ नृत्य का आयोजन भी हुआ। बगियारी के कार्यक्रम में गोमिया विधायक डॉ० लंबोदर महतो भी मौके पर पहुंचे तथा शिवालय में मत्था टेककर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभी को भोक्ता पर्व की शुभकामनाएं दी। कहा कि मंडा पर्व झारखंड की संस्कृति का अभिन्न अंग है। यह मूलतः शिव की आराधना से जुड़ी प्रकृति पूजा है। त्योहारों को विकसित करने और प्रकृति को संरक्षित करने की जरूरत है। इधर, लोधकियारी में भी पर्व को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह था। शिवालय में पूजा-अर्चना के लिए आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रात को पश्चिम बंगाल के बागमुंडी व पुरुलिया के छऊ दल कालकारों ने रातभर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर पूर्व विधायक बबीता देवी, स्थानीय विधायक डॉ० लंबोदर महतो की धर्मपत्नी कौशल्या देवी, जेबीकेएसएस के संयोजक जयराम महतो व सांसद प्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# बेरमो सीओ ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सीसीएल अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता



**बेरमो :** बेरमो प्रखंड कार्यालय में सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सीसीएल ढोरी, बीएंडके व कथारा के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीओ श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सीसीएल अधिकारी व कामगारों का शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। कहा कि जनता का एक-एक वोट कीमती है, सीसीएल अधिकारी व कामगार अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाये। कहा कि लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत पोलिंग हो इसे सुनिश्चित करना सभी का दायित्व है। सीसीएल अधिकारी व कामगारों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए रात्रि चौपाल, फुटबॉल, बॉलीबाल, क्रिकेट, टेनिस एवं महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सीओ श्री सिंह ने सीसीएल अधिकारियों से सीसीएल क्षेत्र के बूथों पर मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सेड, रैंप, शौचालय आदि दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जिस पर बीएंडके सीएसआर अधिकारी संजीत कुमार ने कहा कि कुछ बूथों को व्यवस्थित किया गया है।

अन्य बूथों के लिए टेंडर प्रक्रिया में है। उसे भी जल्द पूरा कर लिया जायेगा। मौके पर मिथलेश कुमार पांडेय, सूर्यप्रताप सिंह, सुनील कुमार, उत्तम कुमार, उमेश महतो, प्रकाश कुमार, सोनुकांत वर्मा आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने फुसरो में शुरू किया प्याऊ



**बेरमो/फुसरो :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन फुसरो शाखा की महिलाओं ने हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को फुसरो ओवरब्रिज के पास ठंडे पानी का प्याऊ लगाकर फीता काटकर शुभारंभ किया। समिति अध्यक्ष हिमांशी अग्रवाल ने बताया कि यह मानव धर्म का निर्वाहन है। इसका उद्देश्य इस चिलचिलाती गर्मी में सब्जी वालों, दुकानदारों एवं राहगीरों को प्याऊ के माध्यम से थोड़ी राहत मिल सके। कहा कि भूखे को खाना खिलाना, प्यासे को पानी पिलाना परम धर्म है। इस कहावत को चरितार्थ करते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा आते जाते राहगीर अपनी प्यास को बुझा सकेंगे। सम्मेलन के उपाध्यक्ष संतोष पेड़ीवाल, सह सचिव कोमल अग्रवाल व अदिति खेमका ने कहा कि इस समिति से जुड़ी महिलाओं ने समाज हित में कई कार्य किये है। इस कारण बेरमो की मारवाड़ी महिला समिति का राष्ट्रीय स्तर पर नाम है। कहा कि समिति की ओर से रक्तदान शिविर लगाने से लेकर योगा शिविर, गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग करने से लेकर विभिन्न व्रत-त्योहार में भक्तों की सेवा करने का काम भी किया जाता रहा है। समिति की कोषाध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने बताया कि समिति की ओर से निःशुल्क होमियोपैथिक इलाज में सहयोग से लेकर जनसेवा के अन्य कई कार्य किये गये हैं। मौके पर दीपिका अग्रवाल, आशा अग्रवाल, लक्ष्मी खेमका, सीमा गोयल, पिंकी अग्रवाल, मनीषा पेडिवाल, उमा राठी आदि मौजूद थी।

### महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**गिरिडीह :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने दीप जलाकर उनके चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर रुचिता कुमारी, शगुन कुमारी, अंकिता कुमारी एवं दिवेश मिश्रा ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि देश में कुछ ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व के लोग होते हैं जो नियति से दो-दो हाथ करते हुए अपने जीवन को पल्लवित पुष्पित करते हैं। सन 1857 ईड्डके स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू कुंवर सिंह ऐसे हीं व्यक्तित्व के थे। जिन्होंने परंपरागत बेड़ियों में जकड़ी राजसत्ता को एक नया आयाम दिया। छापामार युद्ध शैली से उन्होंने अंग्रेजों के नाको में दम कर दिया था।उन्होंने अपने प्राण निछावर कर दिए पर अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, राजेंद्र लाल बरनवाल, रामकिशोर प्रसाद ,मनोज कुमार चौधरी, अरविंद त्रिवेदी एवं समस्त आचार्य दीदी का योगदान रहा।

### पृथ्वी दिवस पर गिरिडीह के दिल्ली पब्लिक स्कूल में नन्हें छात्रों ने धरा अलग-अलग वेश



**गिरिडीह :** जलवायु परिवर्तन के कारण होते नुकसान के बीच पृथ्वी दिवस को इस बार भी कई प्रेरित करने वाले संदेश के साथ मनाया गया। लेकिन गिरिडीह के दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम के दौरान छात्रों की टोली ने वेशभूषा धारण किया। उसका सीधा मतलब लोगों से पृथ्वी को सुरक्षित करने का था। स्कूल के चैयरमेन ऋषि सलूजा और प्राचार्य सोनी तिवारी के नेतृत्व में छात्रों की टोली में कोई पौधा बना, तो किसी ने पृथ्वी का हीं रुप धरा था।इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने कई प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें स्पीच, पोस्टर, स्लोगन समेत अन्य प्रतियोगिता शामिल था। मौके पर छात्रों ने स्पीच के जरिए हीं लोगों को बताया कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण हीं कई परेशानियों से लोगों को गुजरना पड़ रहा है। इस दौरान ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो रहे नुकसान को नर्सरी के छात्रों ने पोस्टर के जरिए हीं बखूबी समझाया। नर्सरी के छात्रों की प्रतिभा देखकर स्कूल के चैयरमेन और प्राचार्य ने जमकर सराहना की और कहा कि पृथ्वी वर्तमान समय में कई परेशानियों से गुजर रही है। जिसे सुरक्षित करने की जिम्मेवारी सबों पर है। छात्रों की टोली ने इस दौरान स्कूल परिसर में कई पौधे भी लगाएं और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## गड्ढे में डूबने से एक बच्चे की मौत

संवाददाता



**गिरिडीह :** डुमरी में संचालित मिठाई निर्माण फैक्ट्री से निकलने वाला गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी को जमा करने हेतु खुले में बनाये गये गड्ढा में डूबकर सोमवार को एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। काफी खोजबीन के बाद बच्चे को गड्ढे से रात्रि करीब 10 बजे निकाला गया, जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए मंगलवार को गिरिडीह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। हालांकि मामले को रफादफा करने के लिए स्थानीय कुछ सफेदपोश लोगों ने आपाधापी शुरू कर दिया था। ताकि कुछ मुआवजा राशि दिलाकर मामला सलटा दिया जाय। लेकिन मृतक के पिता अवैध रूप से मिठाई निर्माण फैक्ट्री संचालित होने का आरोप लगाकर दोषी संचालक पर कठोर से कठोर सजा देने की मांग स्थानीय पुलिस प्रशासन से की है। बताया जाता है कि आइबीपी निवासी शिवा महतो का पुत्र रवि कुमार महतो (7) सोमवार को दोपहर 3 बजे खेलने की बात कह घर से निकला। लेकिन जब काफी देर तक घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में खुले में बने मिठाई निर्माण के गंदे पानी से भरे गहराई वाला गड्ढा में परिजनों व आसपास के लोगों ने खोजबीन शुरू की। जिसके बाद रात्रि करीब 10 बजे बच्चे का शव उक्त गड्ढे से बाहर निकाला गया।

मृतक के पिता का कहना है कि अवैध रुप से संचालित इस मिठाई निर्माण फैक्ट्री से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। क्योंकि मिठाई निर्माण में प्रयुक्त पानी खुले में बने उक्त गड्ढे में जमा रहता है। जिससे निकलने वाले बदबू से क्षेत्र के लोगों का खट्टा और सड़ांध दुर्गंध से रहना मुश्किल हो जाता है। बता दें कि क्षेत्र में मिलावटी मिठाई, लड्डु एवं अन्य मिठाई निर्माण का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। हालांकि बीच बीच में ऐसे धंधेबाजों के खिलाफ तो कार्रवाई होती है, लेकिन फिर चालू हो जाता है। डुमरी के निवर्तमान एसडीएम प्रेमलता मुर्मू गिरिडीह खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ मिलकर क्षेत्र में संचालित मिठाई निर्माण फैक्ट्री, मिलावट मसाला निर्माण और प्रतिबंधित गुटखा बेचने एवं भंडारण करने वाले के विरूद्ध छापेमारी या सील अभियान समय अंतराल के बाद चलाती रहती थी। इधर घटना की खबर सुनकर बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो, मुखिया प्रतिनिधि निर्मल जायसवाल, पुर्व मुखिया फलजीत महतो, प्रितम महतो, तुलसी साव, मिश्रीलाल महतो आदि शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी।

## नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

### कोलकाता से हुई नाबालिग की सकुशल बरामदगी

संवाददाता

**गिरिडीह :** जिला के तीसरी थाना क्षेत्र से एक नाबालिग को भगा कर ले जाने वाले मुख्य अभियुक्त और उसके एक साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीसरी पुलिस द्वारा पश्चिम बंगाल स्थित कोलकाता से नाबालिग को मुख्य आरोपी आफताब अंसारी के साथ बरामद किया गया। जहां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और ट्रांजिट रिमांड पर गिरिडीह लाया गया। आरोपी आफताब अंसारी के निशानदेही पर पुलिस ने नाबालिक को भगाने में मदद करने वाले उसके एक साथी निसार अंसारी को तीसरी थाना क्षेत्र के पपीलो से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार होने के बाद दोनों आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि 13 अप्रैल को पपीलो निवासी नाबालिग के पिता ने तीसरी थाना में मुख्य आरोपी आफताब अंसारी के अलावा उसके दो साथी निसार अंसारी और एजाज अंसारी के विरुद्ध अपनी नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में तीसरी थाना में कांड अंकित करते हुए अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस के टेक्निकल सेल से आफताब के कोलकाता में होने का पता चला। इसके बाद पुलिस टीम कोलकाता पहुंची और आरोपी के साथ नाबालिग को सकुशल बरामद किया गया।



## कलश यात्रा के साथ हीं 11 दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा की प्राण प्रतिष्ठा प्रारंभ



संवाददाता

**गिरिडीह :** तिसरी प्रखंड के लक्ष्मीपुर में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हीं 11 दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा की शुरूआत हो चुकी है। इसी को लेकर 651 महिला व युवतियों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गाजे - बाजे के साथ महिला व युवतियां मंदिर से माथे पर कलश लेकर सकरी नदी के तट पर पहुंची जहां पंडितों द्वारा विधिवत पूजा - अर्चना के पश्चात कलशों में जल भरा गया। जिसके बाद यह यात्रा लक्ष्मीपुर से पूणार्डीह, मंझलाडीह होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुई।।इस दौरान यज्ञ कमिटी के मंटू शर्मा ने बताया कि श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 11 दिवसीय पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें लक्ष्मीपुर, पूणार्डीह और मंझलाडीह गांव के लोग इस महायज्ञ को संपन्न कराने में लगे हुए हैं। यज्ञाचार्य विजय पांडेय के द्वारा प्रतिदिन दैनिक पूजन व वृन्दावन की कथावाचिका कृष्णेहा दामोदर द्वारा रात्रि में कथा के साथ झांकी कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। वहीं अंतिम दिन पूणार्हुति व भंडारे के साथ यज्ञ का समापन हो जायेगा।।इस दौरान जीप सदस्य रामकुमार राउत, उपाध्यक्ष अर्जुन मोदी, हरिहर प्रसाद यादव, सचिव कृष्ण कुमार पंडित, संयुक्त सचिव विजय कुमार राम, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर प्रजापति, संयोजक भूषण प्रसाद यादव, पर्यवेक्षक महादेव प्रसाद यादव, सुरेश पंडित, गणपत रावत, राधेश्याम वर्मा भादो राय आदि लोग मौजूद थे।

### गिरिडीह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

## मंदिरों में हुई श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना, भंडारे का हुआ आयोजन

### कुटिया प्रांगण स्थित बालाजी मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ



संवाददाता

**गिरिडीह :** भगवान श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव के मौके पर शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भव्य रूप से वीर बजरंगबली की पूजा अर्चना की गई। इस क्रम में शहर के बड़ा चौक स्थित श्रीराम जानकी महाबीर मंदिर, कुटिया मंदिर स्थित बालाजी मंदिर, टावर चौक स्थित शिव महावीर मंदिर व हनुमान मंदिर, कोल्डीहा स्थित संकट मोचन मंदिर, धरियाडीह स्थित हनुमान मंदिर सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में अहले सुबह से हीं अनुष्ठान शुरू हो गया था। जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और श्रद्धा भाव से बजरंगबली की पूजा अर्चना की। इस दौरान बड़ा चौक स्थित हनुमान मंदिर, कुटिया मंदिर, धरियाडीह स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के साथ हीं भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

कई मंदिरों में विश्वहिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी अनूप यादव, गुड्डु यादव, शिवपूजन कुमार, शक्ति साहा सहित अन्य सदस्यों के द्वारा अनुष्ठान कराया गया। इधर शहर के कुटिया मंदिर स्थित बालाजी मंदिर में श्री महावीर कुटिया सेवा समिति के द्वारा अनुष्ठान के साथ ही संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्त शामिल हुए। सुनील केडिया के साथ सुंदरकांड पाठ किया। वहीं दोपहर को बालाजी महाराज की रसोई का भी आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। अनुष्ठान को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजेश जालान, नीलकमल भारतिया, रोहित जालान सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### वीर कुंवर सिंह मेमोरियल क्लब करगली बाजार ने मनाई वीर कुंवर सिंह की जयंती

## वीर कुंवर सिंह देश भक्ति के लिए युवाओं के प्रेरणा : इंद्रजीत

संवाददाता



**बेरमो :** बेरमो कोयलांचल के करगली बाजार स्थित वीर कुंवर सिंह मेमोरियल क्लब में मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर किया गया।

क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत मुखर्जी ने स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे 80 वर्ष की उम्र में देश की स्वतंत्रता के लिए लड़कर युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए। अंतिम समय में युवाओं के दिलों में देश भक्ति की प्रेरणा दे गए। कहा कि 1857 में 80 वर्ष की उम्र में हिंदुस्तान में रह रहे सभी जातियों साथ सभी धर्मों के स्वाभिमान और आत्म रक्षा के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध तलवार उठाए थे। कहा कि वीर कुंवर सिंह का जन्म 1777 में बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव में हुआ था। उन्होंने बताया कि सन 1994 से हमलोग प्रत्येक वर्ष वीर कुंवर सिंह की जयंती मना रहे हैं। लेकिन दो माह में हमारे क्लब के दो सक्रिय सदस्य दिवंगत हो गए। कोरोना काल से आज तक हमारे छह सदस्य नहीं रहे, इसलिए इस साल सादगी से जयंती मना रहे हैं। आने वाले समय में पूर्व की तरह क्लब द्वारा जयंती के उपलक्ष पर नारायण सेवा, गरीबों को वस्त्र वितरण किया जाएगा। बताया कि आगे से क्लब के सदस्य शमीम अख्तर को क्लब की जिम्मेवारी दी जायेगी। मौके पर सुनील सिंह, नवल कुमार, रंजीत कुमार, मुन्ना सिंह, नंदकिशोर सिंह, मो. इमरोज, अश्विन कुमार गोपी सिंह, बसंत पाठक, बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश, गौरव कुमार, नईम, मंटू सिंह, विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर, अशोक, अरुण सिंह, दीपक दुबे, गुड्डु कुमार, संजय कुमार, अमन कुमार, राहुल कुमार, फरीद, विनोद, राजकुमार मालाकार, मनी अग्रवाल, टूटू सिंह, प्रभात कुमार, सौरभ सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## दिवंगत विनोद गिरि के परिजनों को रवींद्र पांडेय ने दी सांत्वना

संवाददाता



**बेरमो :** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ढोरी बस्ती सौतारडीह निवासी विनोद गिरि (लगभग 50) वर्ष का आकस्मिक निधन रविवार को होने की खबर पाकर गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय मंगलवार को उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि दिवंगत विनोद गिरि अवकाश प्राप्त भोला गिरि के पुत्र, पत्रकार आनंद गिरि के चचेरे बड़े भाई थे। इस मौके पर भाजपा के पूर्व फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष भाई प्रमोद कुमार सिंह, दिवंगत विनोद गिरि के पुत्र सूरज गिरि, रुपेश गिरि, पवन गिरि, आकाश गिरि आदि मौजूद थे।

### चार दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ईसीआरकेयू के प्रतिनिधि नई दिल्ली रवाना

## एआईआरएफ के शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनना गौरव का क्षण : ज्याऊद्दीन



संवाददाता

**धनबाद ।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन नई दिल्ली में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। यह आयोजन 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक हो रहा है। ज्ञात हो कि एआईआरएफ की स्थापना 24 अप्रैल 1924 को हुई थी और 24 अप्रैल 2024 को भारतीय रेल का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन अपना सौ वर्ष पूरा करने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को महिला एवं युवा रेलकर्मियों की राष्ट्रीय सभा तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई है। 24 अप्रैल को फेडरेशन के वर्किंग कमिटी की बैठक करनैल सिंह स्टेडियम में होगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से सभी जोनल यूनियन द्वारा विशाल रैली अजमेरी गेट नई दिल्ली से निकाली जाएगी। जिसमें ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय और महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधिगण अपनी सहभागिता निभाएंगे। उक्त रैली करनैल सिंह स्टेडियम में पहुँचेगी, जहाँ विशाल जनसभा को देश विदेश के रेल यातायात के श्रमिक संगठनों के शीर्ष नेतृत्व तथा उच्च अधिकारी संबोधित करेंगे। इस समारोह को मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की प्रथम महिला चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा होंगी तथा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के महासचिव मिस्टर स्टीफन कॉटन समारोह का उद्घाटन करेंगे। 25 अप्रैल को प्रतिनिधि सभा की बैठक तालकटोरा स्टेडियम में होगी। 26 अप्रैल को सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के प्रथम राष्ट्रीय स्तरीय बैठक सिविक सेंटर नई दिल्ली में होगी। धनबाद मंडल से बड़ी संख्या में रेलकर्मी इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली प्रस्थान कर गए हैं। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो० ज्याऊद्दीन ने जानकारी देते हुए कहा कि इस शताब्दी वर्ष आयोजन में रेलकर्मियों द्वारा नये पेंशन योजना को समाप्त कर सभी के लिए पुराने पेंशन योजना को लागू करने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर एआईआरएफ ने कई केन्द्रीय श्रमिक संगठनों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि एआईआरएफ को अनेकों महत्वपूर्ण विभूतियों ने अपना कुशल नेतृत्व प्रदान किया है। जिसमें वी वी गिरी,लोकनायक जयप्रकाश नारायण ,मधु दंडवते, जार्ज फर्नांडीस, उमरावमल पुरोहित,जे पी चौबे,राखालदास गुप्ता आदि का नाम प्रमुख है। ये हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं।

## भारतीय जनता पार्टी बैंक मोड़ मंडल अंतर्गत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



संवाददाता

**धनबाद ।** भारतीय जनता पार्टी बैंक मोड़ मंडल अंतर्गत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शिवेंद्र सिंह सोनू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से बाघमारा विधायक सह धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो व धनबाद के विधायक राज सिन्हा उपस्थित हुए । इसमें बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा प्रत्याशी ने बैंक मोड़ मंडल में अच्छा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन करने के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना अधिक से अधिक मतदान करें और अपने साथियों से भी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। ताकि हमारा भारत विश्व गुरु बने। नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। धनबाद के लोकप्रिय विधायक राज सिन्हा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है अबकी बार 400 पार। इससे उद्देश्य पूर्ति के साथ सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ में लग जाएं और पिछली बार से प्रत्येक बूथ में 10% वोट बढ़ाने का काम करें। लोकसभा के प्रभारी सुरेश साहू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में जो भारतीय जनता पार्टी ने काम किया है उसको जन-जन तक पहुंचाकर भारतीय जनता पार्टी एवं कमल फूल के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने व कराने का प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन सनी कुमार एवम धन्यवाद ज्ञापन नीरज सिन्हा ने किया। इस बैठक नितिन भट्ट, मानस प्रसून, रामदेव महतो, प्रितपाल सिंह आजमानी, विकास कंधवे, संजय गोस्वामी, शंकर तिवारी, प्रेम प्रेम गंगेसरिया, चंदन राय, नवल साव, अनिल प्रसाद, सिंटू कुमार, टिंकू खत्री, बिनोद सिंह,जितेंद्र मालाकार, अर्जुन विश्वकर्मा, विजय प्रसाद, इत्यादि साथी उपस्थित थे।

## एक नजर

### विधायक सरयू राय ने बाघमारा का किया दौरा



**बाघमारा ।** विधायक सरयू राय ने बाघमारा का दौरा किया। विधायक राय ने लेडी डूमर और मुरायडीह स्थित विधायक ढुलू महतो की कथित कब्जेवाली जमीन पर बनी चाहरदिवारी का मुआयना किया। तत्पश्चात मुरायडीह बस्ती निवासी अमित महतो के आवास पर पहुंचकर पत्रकारों से बातें की। वार्ता के दौरान विधायक राय ने कहा कि गरीबों व असहायों को न्याय दिलाऊँगा। अब तक नियम व कानून की धज्जियां उड़ी है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने गरीबों के साथ न्याय नही किया है। इन कमजोर लोगों की लडाई हम खुद लड़ेंगे। मौके पर पूर्व बियाडा चेयरमैन विजय झा, गौतम मंडल, उदय सिंह, बिनय सिंह, बलराम महतो, आलोक सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, राजेश राम, परवेज अंसारी, रविन्द्र नाथ पांडेय, अनुज महतो, शाहिद अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### डीजे साउंड सिस्टम की पांच मशीनें बरामद

**धनबाद ।** कतरास थाना क्षेत्र के रामपुर-पतराकुल्ही पथ के किनारे स्थित तालाब के पानी से पुलिस ने सोमवार को डीजे साउंड सिस्टम में उपयोग की जाने वाली पांच मशीनों को बरामद किया है। पुलिस पानी से मशीनों को निकलवाकर थाना ले आई है। बीते 25 मार्च को जोगता थाना क्षेत्र के भदरीचक स्थित पूजा लाइट एंड साउंड सिस्टम के गोदाम में सेंधमारी कर मशीन चोरी हुई थी। इधर मशीन बरामदगी की सूचना पाकर पूजा लाइट के मालिक कलामुल हक घटनास्थल पर पहुंचे और शिनाख्त की। बरामद मशीन की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये है। बताते हैं कि तालाब का पानी कम होने पर मशीन नजर आने लगी। आज बच्चों की नजर मशीनों पर पड़ी। बच्चों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी और फिर पुलिस को। संभावना जताई जा रही है कि मशीनों को ले जाने में असफल होने पर चोरों ने तालाब में फेंक दिया होगा।

### सेवा और समर्पण संस्था के सदस्यों ने बरमसिया लेप्रोसी अस्पताल आश्रम में किया सहयोग



**धनबाद ।** सेवा और समर्पण संस्था के सदस्य ललित भाई के स्व पिता गौरी शंकर की पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था सदस्य तेज गर्मी से परेशान लोगों की तलाश कर लेप्रोसी अस्पताल पहुंचे जहां मरीज भीख मांग कर गुजर बसर करते हैं और इस तेज धुप में लेप्रोसी मरीज जो लाचार व बेबस हैं उन्हें हीं दर्जनों सदस्यों ने बरमसिया पूल के पास लेप्रोसी अस्पताल आश्रम मे जाकर कच्चा अनाज का पैकेट वितरण किया। इस पैकेट मे चावल, दाल आलू, मशाला व नमक आदि उपलब्ध था। तेज धुप में कुछ और भी सहयोग किया गया। ताकि दो चार दिन हीं सही घर अस्पताल नहीं निकलना पड़े और भोजन सभी को हो जाय। इसी सोच को लेकर बरमसिया लेप्रोसी हॉस्पिटल मे वितरण कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष काजल झा मित्रा, सचिव मनीषा सिंह, रुमा जी , सोनी वर्मा, मीता जी , मिताली जी ,सपोर्ना जी ,अनिशा दास , विमल जी, राजीव जी, संजीव सिंह आदि उपस्थित थे।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला



**लोयाबाद।** केन्दुआडीह थाना क्षेत्र मे लोयाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक को पुरानी रंजिश को लेकर एकड़ा 14 नंबर बासुदेवपुर जाने वाले रास्ते मे दर्जनों लोगो ने पकड़ कर उनके साथ ईट,पत्थर, लाठी आदि से मार पीट की। यही नहीं पीड़ित के साथ इंसानियत की सारी हदे पर करते हुए ईट और पत्थर से पैर के साथ साथ हाथ को कुचल दिया गया । जिसके बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगो के द्वारा पीड़ित के परिजन को खबर किया गया. परिजन आनन-फानन मे ईलाज के लिए एसएनएमएमसीएच ले गए जहा डॉक्टरों के द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। घटना के संबंध मे बताया जाता है की पीड़ित सुजीत केवट अपने किसी निजी काम से केन्दुआडीह थाना क्षेत्र के करकेंद मोड़ के समीप गए थे जहां एक गुट के 20 -25 लडके आ कर पीड़ित सुजीत केवट को पकड़ लिया और एकड़ा बासुदेवपुर 14 नंबर बस्ती में ले जाकर उसके साथ बेरहमी से मार- पीट किया । आरोपियों के द्वारा पीड़ित के पॉकेट में पिस्टल डाल कर उसे फेंक दिया गया। बाद में इसकी सूचना पीड़ित के परिजन और पुलिस को मिली जिनके द्वारा पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# जिला बार एसोसिएशन चुनाव स्क्रूटनी के बाद लिस्ट हुआ जारी



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** बाबू वीर कुमार सिंह और हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर मंगलवार जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में जिला बार एसोसिएशन के सत्र-2024-26 के लिए होने वाले चुनाव का स्क्रुटनी के बाद लिस्ट जारी कर दिया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चार, महासचिव के लिए तीन, उपाध्यक्ष पद के लिए पांच, कोषाध्यक्ष के लिए तीन, सह कोषाध्यक्ष के लिए छह, संयुक्त सचिव के लिए 11 एवं एग्जीक्यूटिव मेंबर के लिए 32 प्रत्याशीयों समेत कुल 64 प्रत्याशी का नाम चयनित हुआ। इससे लॉयर्स डिफेंस की पूरी टीम काफी उत्साहित भी दिखी। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने बाबू वीर कुमार सिंह एवं हनुमान जयंती मनाई। इस दौरान अधिवक्ता अक्षय कुमार झा, परमजीत कुमार श्रीवास्तव, रमन जी ओझा, ओम प्रकाश मिश्रा के साथ अधिवक्ता श्याम मोहन गुप्ता, सुधीर प्रसाद, राजीव रंजन, बलाई पांडा, विनीता सिंह, प्रवीण कुमार, नीरज कुमार समेत कई अधिवक्ताओं ने मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान जयंती का उत्सव मनाया। साथ ही पुराने कोर्ट परिसर में अधिवक्ता कुमार राजेश रंजन, विनोद कुमार मिश्रा, अमित कुमार, परमजीत कुमार श्रीवास्तव, राजीव रंजन, आशीष दत्त, विद्युत नंदी, रणजीत, राम कुमार, राजेश चौधरी, सत्य प्रकाश, विनोद कुमार के साथ साथ कई अधिवक्ताओं ने मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान महावीर और वीर कुंवर सिंह की जयंती भी मनाई। जिसके बाद प्रसाद का वितरण भी हुआ। वहीं 24 अप्रैल को शिकायत एवं नाम वापसी के लिए समय रखा गया है। इसी तरह अंतिम सूची 25 अप्रैल को जारी की जाएगी। वहीं 10 मई को मतदान का समय दिया गया है।

## उपायुक्त ने की सीएपीएफ के ठहराव स्थल पर एएमएफ की समीक्षा



संवाददाता

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के लिए चिह्नित ठहराव स्थलों व सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी व अन्य आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की। इस क्रम में शौचालय, बाथरूम, पेयजल, निर्बाध पानी की सप्लाई, बिजली कनेक्शन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि भवन में सीएपीएफ के लिए उचित संख्या में शौचालय व स्नानागार का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने शौचालय निर्माण के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डीएसपी मुख्यालय 1 एस कांती, वरीय पदाधिकारी निर्वाचन कोषांग प्रदीप कुमार शुक्ला, सीआरपीएफ के कमांडेंट एस डी त्रिपाठी, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार के अलावा बीसीसीएल के प्रतिनिधि, पीएचईडी, भवन प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

## राजकमल में मनाया गया वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव,युवा वर्ग देशभक्त बनें : एस के मिश्रा



संवाददाता

**धनबाद ।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में अमर स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने कहा कि वीर कुंवर सिंह एक बड़े स्वतंत्रता सेनानी थे। अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ उन्होंने बिहार को एकजुट किया एवं अंग्रेजों को मुंहतोड़ जवाब दिया।भले हीं उनके हाथ में अंग्रेजों ने गोली मार दी, बावजूद इसके वे थमे नहीं। उन्होंने अपना हाथ काट कर गंगा को समर्पित कर डाला। अंग्रेज उन्हें अपना सबसे बड़ा शत्रु मानते थे।

प्राचार्य श्री मिश्रा ने बच्चों को बताया कि अपने लिए तो हर कोई जीते हैं लेकिन देश की खातिर जीने वाले लोगों की संख्या बहुत कम है। हमें देश से प्रेम करना चाहिए और देश के लिए जीना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हमें ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान कर उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। विजयोत्सव में शिक्षक विभाष कुमार, शिक्षिका सीमा सिंह, रेनू सिंहा एवं प्रभारी कमल नयन ने भी बच्चों को संबोधित किया। बच्चों में पुष्पहास मिश्रा, सत्यम कुमार, आरव कुमार, सौरव ,आयुषी सिंह, छवि अग्रवाल ,अंकिता तिवारी, राधिका, जाह्नवी मिश्रा, खुशी कुमारी, अपूर्वा, सन्निधि, रिया, सृष्टि, तसमीन निदा ने भी अपने भाव प्रकट किए। बताते चलें की विजयोत्सव का यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर के चार विशाल सभागारों में आयोजित हुआ। मंच संचालन हिंदी के वरिष्ठ शिक्षक राकेश कुमार मिश्रा, शिक्षिका मधु सिंहा व पूजा कुमारी ने किया।

इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया ,अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया ,सचिव संजीव अग्रवाल सहसचिव दीपक रूईया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार एवं प्रभारियों व शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया।

## भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में निरसा के यज्ञ मैदान में जनसभा का आयोजन



संवाददाता

**धनबाद ।** भाजपा के धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में सोमवार को पूर्व सीएम सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने निरसा के यज्ञ मैदान में जनसभा का आयोजन किया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे सभी मुख्य अतिथियों को भाजपा के कार्यकताओं ने फूल बुके एवं अंग वस्त्र देकर उनका जोरदार स्वागत किया।

जिसमें धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो भी उपस्थित रहे। साथ हीं निरसा विधायक अर्पणा सिंह गुप्ता भी मौजूद रही। झारखण्डी नृत्य से सभी अथितियों का स्वागत किया गया। इस दौरान निरसा विधानसभा के इस कार्यक्रम में धनबाद जिला ग्रामीण के जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, प्रभारी सुरेश साव, सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, रोहित लाल सिंह, सरोज सिंह भूपेंद्र सिंह, डब्लू बाउरी, जयप्रकाश सिंह, बापी चक्रवर्ती, भूपेंद्र सिंह, दीपा दास, सहित भाजपा के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

वहीं 20 मुखिया,2 प्रखण्ड प्रमुख,01 जिला परिषद सदस्य,निरसा चिरकुंडा व्यपार मंडल के अध्यक्ष मन्नू तिवारी सहित दर्जनों ने भाजपा का दामन थामा। सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को जमकर कोसा और कहा कि जब से हेमंत सोरेन सत्ता में आए हैं राज्य में कोयला बालू एवं पत्थर की लूट मचा दी है। अपने परिवार के नाम से बेनामी संपत्ति झारखंड के सभी जिलों में स्थापित की है। ईडी सारे बिंदुओं पर संज्ञान ली है। जिसके कारण आज हेमंत सोरेन होटवार जेल में बंद हैं और कहते हैं कि आदिवासी के बेटा को जेल भेजा गया है। लेकिन सच्चाई यह है कि हेमंत सोरेन ने आदिवासी रहते हुए आदिवासियों का जमीन हड़पा है। आदिवासियों का अधिकार हड़पा है। बाबूलाल ने धनबाद लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की।

## उप प्रमुख आशा देवी ने प्रखंड के सेकेंड टॉपर बावेश को किया सम्मानित



संवाददाता

**बलियापुर ।** पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है के कहावत को चरितार्थ कर दिखाया पहाड़पुर के बावेश ने। मजदूर रंजीत महतो के पुत्र बावेश महतो ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में प्रखंड स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आज प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी छात्र का उत्साहवर्धन करने उनके आवास पहाड़पुर पहुंची। उन्होंने छात्र बावेश से मिलकर अंगवस्त्र तथा उपहार दिया। साथ हीं इस सफलता के लिए उन्हें बधाई, शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उप प्रमुख ने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत का फल अवश्य मिलता है। उन्होंने बावेश को आगे की पढ़ाई के लिए हर संभव मदद देने का भरोसा दिया। मौके पर पंसस दिवाकर महतो, शिक्षक स्वपन कुमार महतो, पूर्णिमा देवी, ममता कुमारी, सुशीला कुमारी, सुरेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



संवाददाता

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार मंगलवार को प्रातः काल में आसन्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में राजकीय उच्च विद्यालय परसबनिया के ईएलसी छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर कुंभकार ओला कर्मकार टोला, गोराई टोला, बाद टोला, बाउरी टोला, दत्ता टोला,दास टोला होते हुए मतदान केंद्र तक पहुंची। विदित हो इन मतदान क्षेत्र में विगत संसदीय आम निर्वाचन 2019 में राष्ट्रीय औसत से मतदान प्रतिशत कम था। क्षेत्र में रैली के माध्यम से आगामी 25 में को मतदान में भाग लेने की अपील की गई। मतदाताओं को स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता स्लोगन के माध्यम से मतदान की अपील की गई। आज के कार्यक्रम में विद्यालय के ईएलसी के सभी सदस्य छात्र, शिक्षक गण, क्षेत्र के बीएलओ, पर्यवेक्षक स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं महिला प्रसार पदाधिकार्यों ने भाग लिया।

## भगवान हनुमान व वीर कुंवर सिंह जयंती का आयोजन



संवाददाता

**सिंदरी ।** मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हनुमंत जयंती तथा वीर कुंवर सिंह जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती कांति सिंह अध्यक्ष वीर कुंवर सिंह समिति सिंदरी, सुनील कुमार पाठक प्राचार्य व डॉ० भास्कर झा वरिष्ठ आचार्य उपस्थित थे। हनुमंत जयंती पर भैया बहनों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं स्थानीय वीर कुंवर सिंह चौक सिंदरी में वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर भैया बहनों ने माल्यार्पण तथा नमन कर वीर कुंवर सिंह को याद किया। कांति सिंह ने वीर कुंवर सिंह के संघर्षपूर्ण जीवन वृत्त को रखा। सुनील कुमार पाठक ने कहा कि हमें वीर कुंवर सिंह से देशभक्ति व देश के लिए सर्वस्व समर्पित करने की भावना सीखना चाहिए। यदि मनुष्य के मन में किसी कार्य को करने की दृढ़ इच्छा हो, तो उसके मार्ग में आने वाली कोई बाधा उसे विचलित नहीं कर सकती। वे हमारे प्रेरणा के स्त्रोत हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संध्या कुमारी, सरोज तिवारी, सत्येंद्र तिवारी ,सतीश चन्द्रा, विनय कुमार सिंह, संतोष पाठक, सौरभ कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सुभाषितम्

**विचारों को मूर्त रूप देने की क्षमता ही सफलता का रहस्य है। - हेनरी वार्ड बीचर**

## आदर्श नहीं राजनीतिज्ञों की छवि

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा? तो शायद ही इसके जवाब में कोई हां कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं और अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतया अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्रायः सम्प्रदायवादी, जातिवादी, क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्रायः इसी श्रेणी में गिने जा, अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की गरज से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूंकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है। इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इन पर भी हावी हो जाता है और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है, जबकि अपराधी, स्वार्थी, चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी, जातिवादी, मक्कार, झूठे, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एमएलए से ही MLA का फुल फार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे। जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मकसद ही धनार्जन, स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो जाहिर है, वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज कोई महत्व रखती। ऐसे जमीर फरोशों और मौका परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके वैचारिक धर्म परिवर्तन या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भांति वाकिफ होते हैं, जहां वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की गरज से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेटे हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर दलबदलू होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौकापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज वही पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेक चुकी हैं, जिनका या तो मकसद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहां कोई जरुरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। जबकि कल उन्होंने यही सोच कर दल बदल किया था कि नये दल में उनका राजनैतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। यहां मैं बिना नाम लिये एक उदाहरण देना चाहूंगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया।

### चिंतन-मनन

## जीवन में अपनेपन का प्रेम असली प्रेम

जब प्रेम बहुत गहरा होता है, तब तुम किसी भी गलतफहमी के लिए पूरी जिम्मेवारी लेते हो। पल भर के लिए ऊपरी तौर से नाराजगी व्यक्त कर सकते हो, परन्तु जब इस नाराजगी को दिल से महसूस नहीं करते, तब तुम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हो। तब तुम उस अवस्था में हो जहां सभी समस्याएं और मत-भेद मिट जाते हैं और केवल प्रेम झलकता है। प्रायः हम मतभेदों में उलझे रहते हैं क्योंकि अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो गए हैं। प्रेम के नाम पर हम दूसरों को इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है कि जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो हम चाहते हैं कि वे त्रुटिहीन हो। तुम पहाड़ी के ऊपर से जमीन के गड्ढों को नहीं देख सकते। इसी प्रकार, उन्नत चेतना की अवस्था से दूसरों की त्रुटियां नजर नहीं आती। परन्तु जमीन आकर गड्ढों को (दोषों को) देख सकते हो। और गड्ढों को भरना चाहते हो तो उन्हें देखना ही होगा। हवा में रहकर तुम घर नहीं बना सकते। गड्ढों को देखे बिना, उनको भरे बिना, कंकड़-पत्थर हटाए बिना, जमीन को नहीं जोत सकते। इसीलिए जब तुम किसी से प्रेम करते हो और उनमें दोष ही दोष देखते हो तो उनके साथ रहो और गड्ढे भरने में उनकी मदद करो। यही ज्ञान है। तुम किसी को प्यार क्यों करते हो? क्या उनके गुणों के लिए या मित्रता और अपनेपन के कारण? अपनत्व महसूस किए बिना, केवल उनके गुणों के लिए, तुम किसी से प्रेम कर सकते हो! इस प्रकार का प्रेम प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या पैदा करता है। परन्तु जब प्रेम आत्मीयता के कारण होता है, तब ऐसा नहीं होता। जब तुम किसी को उनके गुणों के लिए चाहते हो और जब उनके गुणों में बदलाव आता है, या जब तुम उनके गुणों के आदी हो जाते हो, तुम्हारा प्रेम भी बदल जाता है। परन्तु प्रेम यदि अपनत्व के भाव से है, क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वह प्रेम जन्म-जन्मान्तरों तक रहता है। लोग कहते हैं, मैं ईश्वर से प्रेम करता हूं क्योंकि वे महान है। और यदि यह पाया जाए कि ईश्वर साधारण हैं, हमारे जैसे ही एक व्यक्ति, तब तुम्हारा प्रेम समाप्त हो जाएगा। यदि तुम ईश्वर से इसलिए प्रेम करते हो क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वे चाहे जैसे भी हों, चाहे वे रचना करें या विनाश, तुम फिर भी उन्हें प्रेम करते हो। अपनेपन का प्रेम स्वयं के प्रति प्रेम के समान है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।
**वृष :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। आत्मचिंतन करें।
**मिथुन :** शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।
**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।
**सिंह :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा।
**कन्या :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।
**तुला :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें।
**वृश्चिक :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।
**धनु :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।
**मकर :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।
**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।
**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं।

# नक्सल विरोधी कार्रवाई पर हमदर्दी भरा दृष्टिकोण क्यों?



डॉ. रमेश ठाकुर

छत्तीसगढ़ के कांकेर में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जताई थी। यह तो जगजाहिर है ही कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है।


बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं, इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं।

आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षाबलों के जवानों की जान गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्म्ड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्चस्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है। पर, गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे। सन् 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए। इस अभियान में भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षाबलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे।

नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनील कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया। उसी दौरान माओवादी समर्थकों का एक पढ़ा लिखा वर्ग भी तैयार हुआ, जिन्हें आज अर्बन नक्सली कहा जाता है। फिलहाल केंद्र सरकार अब ये दावा करती है कि उसने हिंसक वाम आंदोलन और उग्रवाद खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ा है। नक्सल वामपंथी उग्रवाद को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ 'राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना' शुरू की थी, जिसमें हिंसा के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही गई थी।

सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बनाया। इसे वामपंथी उ ग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया।वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया। लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गए हैं। हिंसा और अपराधों के आकड़े में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षाबलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये तभी संभव हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके चलते ही विगत वर्षों में उग्रवादी गुटों के कई सदस्य सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने को भी मजबूर हुए। केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। इनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किलोमीटर सड़कों को मंजूरी देना।

# 'मौत' के खौफ से नक्सली सरेंडर को मजबूर



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

जिंदगी की कीमत हर किसी के लिए इतनी अधिक है कि उसकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती। नक्सली हो या अन्य आतंक के रास्ते पर चलनेवाले लोग, जो भले ही किसी की जान लेने में जरा भी देरी नहीं करते, लेकिन बात जब उनकी अपनी जान पर बन आए तो ये हर कीमत पर इसकी हिफाजत करने के लिए कुछ भी कर गुजरने हैं। पहले नक्सली संगठन भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सरकार से वार्ता करने के लिए तैयार होती है, वह भी सशर्त, फिर जब बात शर्त के साथ बातचीत की नहीं बनती और सरकार साफ चेता देती है कि आमजन, नेता और व्यापारियों को यदि नक्सलियों ने अपना निशाना बनाया तो उन्हें फिर इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए, और फिर एक गलती जैसे नक्सलियों के लिए काल बनकर आ गई, देखते ही देखते जंगल से उनका सफाया शुरू हो गया, ऐसे में अब उनके पास जंगल से भागने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

वस्तुतः इन दिनों छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर सरकार सख्त है। लम्बे समय से चल रहे नक्सली घातों के बाद अब वक्त इस राज्य में सरकार बदलने के बाद प्रतिघात कर नक्सलवाद को समाप्त करने का है। यहां अभी भाजपा की सरकार बने बहुत दिन नहीं बीते हैं, लेकिन भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार हकीकत में अपने छत्तीसगढ़वासियों से जो नक्सलवाद के खात्मे का वादा कर सत्ता में आई, वह बहुत शिद्दत से उसे निभाती नजर आ रही है। यही कारण है कि नक्सली बैकफुट पर हैं और इनामी नक्सली तक राज्य से पलायन करने या सरकार के समक्ष सरेंडर को मजबूर हो उठे हैं।

अब आंध्र प्रदेश की ओर भाग रहेः ये कहानी उन छह बड़े इनामी नक्सलियों की है, जो हर हाल में जिंदा रहना चाहते हैं। इनकी ये जिंदा रहने की चाह इन्हें छत्तीसगढ़ से भागने को मजबूर करती है और ये आंध्र पुलिस के सामने सरेंडर करते हैं। सभी नक्सली सरेंडर करने के दौरान आंध्र प्रदेश की पुलिस के सामने गुहार लगा रहे थे, मैं नक्सली हूं, मुझे मेरी जिंदगी से प्यार है... इस जिंदगी में अभी बहुत कुछ देखना और करना है ... जिंदा रहना है साहब...। फिर सभी की समवेत आवाज आई, हम सभी नक्सली हैं, हमें गिरफ्तार कर जेल में डाल दो साहब...। कहने को ये ऊपर लिखा वाक्य किसी को भी पटकथा का कोई संवाद लग सकता है, लेकिन यह संवाद इन दिनों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र राज्य सरकारों की नक्सली सोच पर कड़े प्रहार के बाद चहुंओर साफ घटता नजर आ रहा है ।

वास्तव में इस वक्त छत्तीसगढ़ की साय सरकार समेत मध्य प्रदेश की मोहन सरकार और महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने नक्सलियों की वह हालत कर दी है कि अब उनके पास चार ही विकल्प शेष बचे हैं। पहला- सरेंडर करें। दूसरा- राज्य से पलायन कर जाएं। तीसरा- पुलिस एवं अन्य सुरक्षा फोर्स से लड़ाई लड़ें या फिर नक्सलवाद का रास्ता छोड़ राज्य के विकास में अपना भरपूर योगदान देवें। अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं बीते हैं, लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से ठीक दो दिन पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली और उन्होंने बस्तर संभाग के कांकेर जिले के हिदूर और कलपर के बीच जंगलों में 29 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया। इनमें शीर्ष नक्सली कमांडर जैसे शंकर राव, ललिता, माधवी और राजू जैसे लाखों रुपये के इनामी नक्सली शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ में कुछ ही दिन में 90 से ज्यादा नक्सली मारे गएः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बताते भी हैं कि लगभग सौ दिनों में 63 मुठभेड़ों में 54 नक्सलियों के शव, 77 हथियार और 135 विस्फोटक बरामद किए गए हैं। 304 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। 165 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सल संबंधी कुल 26 प्रकरणों को एनआईए को सौंपा गया है। विगत 4 माह में 24 अग्रिम सुरक्षा शिविरों की स्थापना की गई है। निकट भविष्य में 29 नए आधार शिविरों की स्थापना प्रस्तावित है। यह एक तथ्य है कि पिछले तीन महीने में बस्तर के अलग-अलग जिलों में हुई मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने अब तक 90 से अधिक नक्सलियों को ढेर कर दिया है। बीते चार माह के दौरान सुरक्षाबलों ने अकेले बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ घेराबंदी को मजबूत करते हुए 24 नई छावनियां स्थापित की हैं।

इससे कुछ दिन पहले मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में नकद इनामी दो नक्सली मारे गए। जिनकी पहचान सजंती उर्फ क्रांति और रघु उर्फ शेर सिंह के रूप में हुई । इसके तुरंत बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा 29 लाख रुपए के इनामी डिविजनल कमांडर को मारा जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। दूसरा, 14 लाख के इनामी नक्सली को मारना मध्य प्रदेश पुलिस की सजगता को बताता है। हम नक्सलाइट मूवमेंट को कभी भी पनपने नहीं देंगे। तीन महीने पहले सरकार बनने के तीसरे दिन भी बड़ा एनकाउंटर हुआ था, अब जब तक नक्सलियों का पूरी तरह से खात्मा नहीं हो जाता, इस प्रकार की कार्रवाइयां होती रहेंगी। ऐसी ही एक बड़ी कार्रवाई महाराष्ट्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत घटी। यहां के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने चार नक्सली को मार गिराया। इन चारों नक्सलियों पर सरकार ने 36 लाख रुपये के इनाम रखा था। महाराष्ट्र पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि एक बड़ा नक्सल ग्रुप लोकसभा चुनावों में बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए गढ़चिरौली के जंगलों में छिपा है, जिसके बाद एक्शन में आई महाराष्ट्र पुलिस ने ये बड़ी कार्रवाई की।

महाराष्ट्र में अर्बन नक्सलियों पर नकेलः महाराष्ट्र नक्सल ऑपरेशन को लेकर पुलिस अधिकारी आईपीएस संदीप पाटिल ने बताया भी कि महाराष्ट्र के नागपुर, पुणे, नासिक, मुंबई, थाने, नासिक और गोंदिया जैसे शहरों में नक्सली घुसपैठ हुई है। माओवादियों से जुड़े अर्बन नक्सली स्लम इलाकों में युवाओं का ब्रेन वास कर उन्हें शासन, प्रशासन के खिलाफ लडाई लड़ने के लिए तैयार कर रहे हैं। पिछले दिनों पुलिस ने ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के गोपनीय दस्तावेज जब्त किए थे। इससे साफ पता चला है कि नक्सली शहरी भागों में खास तौर पर स्लम इलाकों में सक्रिय हैं। ये गरीब युवक जो किसी न किसी वजह से सरकार या सरकारी मशीनरी से नाराज हैं, उन्हें अपना हथियार बना रहे हैं। यह वाकई में चिंताजनक है, लेकिन पुलिस प्रशासन मुस्तैद है, किसी भी नक्सली को नहीं छोड़ा जा रहा है।

# परिणाम तय है इसलिए मतदाता उदासीन



सुरेन्द्र चतुर्वेदी

अठारहवीं लोकसभा के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान हो गया। सभी 102 सीटों में से ज्यादातर में मतदान के प्रतिशत में कमी आई है। इससे यह माना जा रहा है कि मतदाताओं में चुनाव के प्रति वह उत्साह और उमंग नहीं था, जिसकी उम्मीद राजनीतिक दल विशेष रूप से भाजपा लगाए बैठी थी। तो क्या भाजपा को इससे निराश होने की जरूरत है? या कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को इसमें से किसी अप्रत्याशित परिणाम की उम्मीद रखनी चाहिए? दोनों ही प्रश्नों का एक ही जवाब है, नहीं। यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी को मोदी सरकार के कामकाज पर मतदाताओं की ओर से जोरदार समर्थन की उम्मीद थी और विपक्षी दलों को लगता था कि जनता महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सड़क पर आ जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका एक ही मतलब है कि मतदाता ने परिवर्तन करने से ही इनकार कर दिया। हां, अब बहस सिर्फ इस बात पर हो सकती है कि भाजपा गठबंधन 400 सीटों से पार जा पाएगा या नहीं?



जहां तक मतदाताओं में उल्लास या वोटिंग प्रतिशत गिरने का सवाल है, तो कोई भी निष्कर्ष निकालते समय हमें इस तथ्य को भी देखना होगा कि क्या किसी एक ही दल का मतदाता निष्क्रिय था? या सभी मतदाताओं को पहले से ही चुनाव परिणामों का अंदेशा है, इसलिए चुनाव में उसका उत्साह नदारद था। टेलीविजन पर होने वाली बहस को छोड़ दें तो गांव-चौपाल में भी मतदान और प्रत्याशी को लेकर कोई उत्सुकता नजर नहीं आई। तो भारत जैसे देश में जहां चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है, वहां मतदाता की उदासीनता का कारण क्या हो सकता है ? यह याद रखे जाने की जरूरत है कि 2014 का चुनाव परिवर्तन के नारे के साथ लड़ा गया था। भारत की जनता मनमोहन सरकार की अक्षमता के खिलाफ अपना मन बना चुकी थी, और अबकी बार मोदी सरकार व अच्छे दिन के नारे पर उसने मतदान किया था।

2019 का चुनाव भी पाकिस्तान को सबक सिखाने की मोदी सरकार की क्षमता पर हुआ। यह ऐसा चुनाव था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीछे छूट गए थे और मतदाताओं ने मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकतरफा मतदान किया। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। मतदाताओं में उस उत्साह की कमी साफ दिख रही है, जो पहले के दो चुनाव में देखी गई। तो क्या यह मान लिया जाना चाहिए कि देश के मतदाता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा नहीं रहा या वह कथित इंडी अलांयस के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकल्प के रूप में देख रहा है? बहुतांश लोगों को यह प्रश्न विचित्र लग सकता है लेकिन इस प्रश्न का जवाब ही भारत के जनमानस की वास्तविक अभिव्यक्ति है। दरअसल, आएगा तो मोदी ही, यह नारा भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के मन में गहरे पैठ गया है। तो भाजपा कार्यकर्ता अपनी जीत देख निश्चिंत होकर चुनाव को आराम से लड़ रहे हैं, तो विपक्षी दलों के कार्यकताओं को यह लगता है कि जब भाजपा ही जीत रही है और जनमानस भाजपा के साथ है तो चुनाव में आक्रामक होने का क्या फायदा? ऐसा भी नहीं है कि भाजपा समर्थक हिन्दू मतदाता ही मतदान करने नहीं निकला, भाजपा को वोट नहीं देने वाले मुस्लिम समाज में भी वोट देने के प्रति उदासीनता देखी गई है। मुस्लिम बहुल बूथों पर जहां रात के दस-दस बजे तक मतदान करने के लिए लाइनें लगी रहती थीं, इस बार ऐसे समाचार सुनने में नहीं आए। इस तथ्य पर भी विचार करना ही चाहिए कि बीते सालों में यह पहली बार है जब मतदान केन्द्रों पर तनातनी या लड़ाई-झगड़े के समाचार भी सुनने को नहीं मिले हैं।

ऐसा तभी होता है जब पक्ष और विपक्ष चुनाव परिणाम के बारे में आश्वस्त होते हैं। हां, केवल पश्चिम बंगाल ही एक मात्र राज्य है जहां से ऐसे समाचार आए, तो वहां का मतदान प्रतिशत भी अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा ही रहा। इस बार के चुनाव से एक बात सिद्ध हो रही है कि न तो विश्व में भारत की रैंकिंग, विकास की गति, जीडीपी दर, आर्थिक प्रगति और विकसित भारत के संकल्प को मतदाता देख रहा है और न ही महंगाई और बेरोजगारी के विपक्षी एजेंडे को मतदाता ने स्वीकार किया है। भारत में विकास कभी चुनाव का मुद्दा नहीं रहा। भारत के चुनाव को सिर्फ जातीय सामंजस्य और राष्ट्रवाद ही दिशा देता है।

## दैनिक पंचांग

**24 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.43 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मिथुन | 08.42 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.55 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.11 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.23 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.34 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.48 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.04 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.10 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.56 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मीन | 03.29 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.59 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 115 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** प्रतिपदा अहोरात्र।
**नक्षत्र** स्वाती 00.41 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** सिद्धि(असृक) 05.05 बजे प्रात: को समाप्त।
**करण** बालव 18.06 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 57'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871959
**जूलियन दिन** 2460424.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 14

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 | बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 | बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 | बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 | बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 | बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 | बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# हनुमान जयंती पर बराही धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- जय बजरंग बली के जयकारों से गूंजा धाम परिसर
- सुंदरकांड अखंड कीर्तन, भ्व्य भंडार का अयोजन



संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** मंगलवार को पलामू जिला के चर्चित बराही धाम में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। भोर से ही हनुमान चालीसा की चौपाई जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपिस तिहूं लोक उजागर की धुन परीसर में गूंजती रही। वहीं इस अनुमंडल क्षेत्र वी के श्रद्धालुओ की भीड़ के आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक देखने को मिला। इस दौरान लोग माला, सिंदुर, तिल के तेल का दीया और लड्डू का भोग अंजनी पुत्र हनुमान लागया गया। सिंदुर चढ़ाकर लोगों ने उज्वल भविष्य और परिवार के मंगलमय जीवन की कामना की। वहीं बीच बीच में श्रद्धालुओ ने जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रही बराही धाम समिति के लोगों ने पूरे धाम परिसर को भव्य तरीके से सजाया था, पूरा बराही धाम भगवा झंडा से पटा हुआ था। वहीं मंदिर के पुजारी दिलीप मिश्र, अजीत चौबे वैदिक मंत्रोचारण के साथ पुजा अर्चना की।

इसके साथ हवन पूजन अभिषेक सहित कई अनुष्ठान किए गए। 24 घंटे का अखंड कीर्तन हनुमान जयंती के मौके पर बराही धाम परिसर में 24घंटे का रामनाम जाप अखंड कीर्तन किया गया। कीर्तन में श्रद्धालुओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

भव्य भंडारे का अयोजन, लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण हनुमान जयंती के अवसर पर बराही धाम परिसर में भव्य भंडारे का अयोजन किया गया, धाम के पूजारी दिलीप मिश्रा अजित चौबे वैदिक मंत्रोचार हवन पूजन कराया गया, सुबह 11बजे धाम के पूजारी और एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो द्वारा भंडारे का शुभारंभ किया गया, इस मौके पर एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने श्रद्धालुओ के बीच महाप्रसाद का वितरण किया। मालूम हो की हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बराही धाम परिसर में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से 105फीट दक्षिणमुखी हनुमान जी प्रतिमा स्थापित की गई थी, जो भारत बर्ष की सबसे ऊंची दक्षिणमुखी प्रतिमा है।

इस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा बीते 7मई 2022को देश की विख्यात जगतगुरु श्री सुंदर राज स्वामी जी महाराज ने वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न कराया था। इस दिन करीब दो लाख से अधिक संख्या में शामिल लोग इस के साक्षी बने थे। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग उतर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़, वा झारखंड के कई जिलों से लोग दर्शन करने आते है।

# दीवार काटकर एक लाख से अधिक की चोरी क्षेत्र में हिरोंचियों की संख्या में हो गई है वृद्धि

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एनएच 75 के ब्रहमोरिया-लादी गांव स्थित अपना ढाबा में चोरों ने दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जहां चोरी की घटना में लगभग लगभग 60 हजार रुपए मूल्य की सामग्री व कैश लगभग 5800/ रुपए चोर ले भागे। यहां इंजीनियरिंग वर्क व गाड़ी वाशिंग का कार्य किया जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में बढ़े हिरोंचियों के द्वारा लगातार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस इस पर रोक लगाने में असफल साबित हो रही है। इधर पीड़ित अजय विश्वकर्मा के द्वारा घटना की जानकारी नावा बाजार



थाना को मोबाईल पर दे दी गई है। जानकारी के अनुसार अजय विश्वकर्मा के द्वारा एनएच 75 स्थित ब्रहमोरिया-लादी गांव में अपना ढाबा नाम से एक लाइन होटल संचालन किया जाता है। जहां इंजीनियरिंग वर्क्स व गाड़ी वाशिंग का भी काम होता है। बताया कि सोमवार को वह दुकान को बंद कर घर गए थे। मंगलवार की दोपहर जब वे लौटे तो दुकान की स्थिति को देखकर वे हतप्रभ हो गए। उसने देखा कि दीवार की पिछले हिस्से को काटकर रखें नगद सहित बैटरी, ब्रेकर, दो ग्रेडिंग मशीन, फ्रिज में रखे ठंडा आदि लें भागे। चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए दो दीवारों को काटी गई है। पहले दीवार में लगे ग्रिल को कबाड़ कर अंदर प्रवेश कर गए। जहां से आसानी पूर्वक दूसरी दीवार को काटकर दुकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित अजय विश्वकर्मा ने बताया कि दुकान के आसपास प्राय हिरोंचियों का आना-जाना लगा रहता है।

## एक नजर

### नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने किया पोखराहा व मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण, दिया निर्देश



**मेदिनीनगर।** नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने मंगलवार को पोखराहा क्षेत्र व मेडिकल कालेज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने इस क्षेत्र में सड़क बिजली व पानी की जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने कचरवा डैम का निरीक्षण किया उन्होंने कचरवा डैम में बने इंटकवेल का भी निरीक्षण किया और मेडिकल कॉलेज में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया। इसके पहले नगर आयुक्त ने पाइपलाइन इंस्पेक्टर छोटेलाल गुप्ता से मेडिकल कॉलेज में पेयजल आपूर्ति की पूरी जानकारी लिया। इस क्रम में पाइपलाइन इंस्पेक्टर ने बताया कि बारालोटा पेयजल आपूर्ति योजना की पाइपलाइन दूर रहने के कारण इससे पेयजल आपूर्ति होना संभव नहीं है। नगर आयुक्त ने पेयजल विभाग को हर हाल में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में नगर निगम के कनीय अभियंता प्रभात कुमार सोलंकी और पाइप लाइन इंस्पेक्टर छोटेलाल गुप्ता उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक महिला घायल

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के रानीदेवा गांव निवासी भोला सिंह की पत्नी कलावती देवी उम्र 45 वर्ष सोमवार की शाम करीब 7 बजे सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस घटना के बारे में घायल महिला कलावती देवी ने बताया की सोमवार की शाम वह अपने बेटे के साथ घर से बाइक पर सवार होकर पाटन नावाजयपुर रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। इसी बीच रास्ते में अचानक बाइक से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही परिजनों को जब यह सूचना मिली तो परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में घायल कलावती देवी का इलाज करवा रहे है।

### एक महिला और एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या का प्रयास

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के निवासी दिन दयाल राम की पत्नी सुशीला देवी उम्र 28 वर्ष घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास की।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की किसी बात को लेकर सुशीला को अपने घर के लोगो से कहा सुनी हो गई थी। इस बीच गुस्से में आकर सुशीला घर में रखे जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली। जिसके कारण उनकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद सुशीला देवी खतरे से बाहर है। वहीं दूसरी और चैनपुर थाना क्षेत्र के तलया बभंडी निवासी नंदू राम की 18 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली। जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा रानी कुमारी को इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी रानी कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### प्रिंसिपल ने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का आग्रह किया



**पलामू।** पाटन प्रखंड के किशनपुर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय किशनपुर की प्राचार्या रीना दुबे घर-घर गईं और अभिभावकों को जागरूक किया। अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। रीना दुबे ने बताया कि बच्चों की उपस्थिति के मामले में जागरूकता आई है। सभी अपने-अपने विभाग अपने-अपने बच्चों को विद्यालय भेजते हैं। वहीं स्वयं और विद्यालय की शिक्षिका डोर टू डोर जाकर बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील करते हैं, उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित समय से प्रतिदिन विद्यालय भेजें। विद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि नियमित पठन पाठन के लिए कार्यक्रम चला रही हूं।

## पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर मिली सफलता

# लेस्लीगंज: पुलिस ने दो अफीम तस्करों को किया गिरफ्तार

- लेस्लीगंज पांकी एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल गठन किया गया

संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** लेस्लीगंज पुलिस ने दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मध्य विद्यालय भकासी के आसपास सुनसान जगह पर दो व्यक्ति अफीम बेचने हेतु खड़ा है, प्राप्त सूचना के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदया रिश्मा रमेशन ने लेस्लीगंज पांकी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा से दूरभाष के माध्यम से बातचीत कर लेस्लीगंज



पांकी एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा सत्यापन करते हुए मध्य विद्यालय भकासी के आसपास छापामारी में आशीष कुमार रंजन के पास से कला पॉलिथीन सहित 120 ग्राम अफीम, अविनाश कुमार यादव के पास से कला पॉलिथीन सहित 110 ग्राम अफीम और एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर JH03S-1790 को जब्त किया गया है। गिरफ्तार अफीम तस्कर आशीष कुमार रंजन उम्र 22 वर्ष पिता अवधेश यादव, अविनाश कुमार यादव उम्र करीब 22 वर्ष पिता नरद्धेश्वर यादव दोनों ग्राम डबरा टोला मुड़ाथान थाना लेस्लीगंज जिला पलामू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छापामारी दल में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज, श्री राजू कुमार गुप्ता थाना प्रभारी लेस्लीगंज, एसआई मनेश पासवान, एएसआई अजय कुमार, आरक्षी विनोद उरांव, आरक्षी शक्ति कुमार सिंह, आरक्षी चिंटू लाल यादव, आरक्षी प्रेम कुमार सोनी और गृह रक्षक चालक ह्यूम खान शामिल थे।

# स्वर्ण पदक विजेताओं को दिया गया प्रशस्ति पत्र

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में स्वर्ण पदक विजेता चार छात्रों को, विद्यालय परिसर में वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डॉ जीएन खान ने उनके अभिभावकों की उपस्थिति में स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र एवं 5100-5100 रुपए का चेक दिया। विद्यालय की बारहवीं कक्षा की छात्रा रिया कुमारी, प्रिया कुमारी,छात्र आर्यन कुमार एवं आदर्श कुमार ने एमके डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स-2023 में भारोतोलन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। इन छात्रों को महात्मा हंसराज जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में 20 अप्रैल को डीएवी थर्मल कॉलोनी पानीपत हरियाणा में यह सम्मान प्राप्त हुआ था। इनके साथ विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा हरियाणा गए हुए थे। इस अवसर



पर विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने कहा कि पलामू जैसे क्षेत्र से राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण जीतना बहुत बड़ी बात है।

हमारे छात्रों ने बता दिया कि कोशिश करने से बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, तो खेलकूद में भी सम्मानित स्थान प्राप्त करते हैं। हम विषयों के अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद पर भी उचित ध्यान देते हैं, जिसके कारण ऐसे परिणाम आते हैं।

# कम्युनिस्ट नेता अभय भुईयां ने पलामू लोकसभा से किया नामांकन दाखिल



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के पलामू लोकसभा के उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया ने नामांकन दाखिल किया नामांकन से पहले पांकी रोड बुढ़वा शिव मंदिर से बजे बजे के साथ मंदार के थाप पर नारा लगाते हुए रैली निकाल कर कचहरी परिसर में शामिल हुए। नामांकन कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद कांगो। राज्य सचिव महेंद्र पाठक, रांची कार्यालय सचिव अजय सिंह, प्रमोद साहू, विशेष रूप से पहुंचे। नामांकन रैली का नेतृत्व भाजपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, जितेंद्र सिंह एं उमेश सिंह चेरो कर रहे थे। जिसमें इंकलाब जिंदाबाद जीतेगा भाई जीतेगा कम्युनिस्ट पार्टी जीतेगा।

हसवा वाली छाप जिंदा रहे जैसे नारे लगे। राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो ने कहा कि देश में संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो रही है, जिसको बचाने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी का जितना बहुत जरूरी है। राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि झारखंड मैं तमाम तरह की खनिज संपदा होने के बावजूद भी झारखंड के लोग अभाव का दंश झेल रहे हैं। वही आम लोगों को संबोधित करते हुए जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि यह लड़ाई गरीबी और अमीरी के बीच भारती खाई को लेकर के है जब तक आम जनता का विकास नहीं हो प्यार होगा जाता तब तक विकास की खोखली बातें होती रहेगी। और वही खोखली बातें भाजपा के प्रधानमंत्री से लेकर उनके नेता कर रहे हैं। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि इस बार पलामू के जनता बाहरी लोगों को हराकर पलामू के युवा प्रत्याशी अभय भूइंया को सांसद में भेजने का काम करेगी।

नामांकन रैली में राज कारकानी सदस्य गणेश सिंह, उमेश सिंह चेरो,गढ़वा जिला सचिव राजकुमार राम, जितेंद्र सिंह, सुरेश ठाकुर, राम नाथ उरांव विजय सिंह, नसीम राइन, चंद्रशेखर तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, राहुल कुमार भूइंया, सोनू अहमद, रामराज तिवारी, फेकन उरांव, शिव भूइंया, शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# पलामू लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने किया नामांकन दाखिल



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 23 अप्रैल से शुरू हो गई है। पलामू लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने अपना नामांकन जमा करवाया।

इससे पहले उन्होंने एक रैली भी की। रैली के रूप में वे अपने समर्थकों की भीड़ और ढोल नगाड़ों के साथ समाहरणालय कार्यालय पहुंचे और दोपहर में अपना नामांकन जमा करवाया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस के कड़े इंतजाम थे। नामांकन जमा करने के लिए प्रत्याशी सहित पांच लोगों को रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में अंदर जाने की अनुमति रही। बता दें कि नामांकन के दौरा कामेश्वर बैठा के साथ उनकी पत्नी जमुनिया देवी, पुत्र संजय बैठा ,बबन बैठा समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पलामू से बीडी राम और लोहरदगा से समीर नामांकन भरेंगे

**पलामू।** 24 अप्रैल को एनडीए के दो प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। पलामू से बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव नामांकन भरेंगे। पलामू से एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। जनरल वीके सिंह नई दिल्ली से हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से पलामू के लिए रवाना होंगे। वहां से बीडी राम के साथ डाल्टनगंज समाहरणालय जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, राज्यसभा सांसद सह महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे। लोहरदगा के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में शामिल होंगे गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव बुधवार को गुमला समाहरणालय में नामांकन दाखिल करेंगे। इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे।

# तिवारी कॉम्प्लेक्स स्थित कांग्रेस कार्यालय में इंडिया महा गठबंधन की हुई बैठक

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद तिवारी कॉम्प्लेक्स स्थित कांग्रेस कार्यालय में इंडिया महागठबंधन की एक अहम बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस, आरजेडी जेएमएम, वीआईपी सभी घटक दल के नेता कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। कांग्रेस सहित महागठबंधन के सभी घटक दलों ने एक स्वर में ममता भुइयां को बड़े अंतर से जिताने का अहम निर्णय लिया। कांग्रेस के प्रदेश सचिव स्थानीय युवा नेता धनंजय कुमार तिवारी ने कहा कि देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार की आकंठ में डूबी भाजपा की मोदी सरकार के खिलाफ यहां की जनता गोलबंद हो चुकी है और



नरेंद्र मोदी के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ करारा जवाब देने को कमर कस चुकी है। कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार ममता भुईयां के साथ कदम ताल मिलाते हुए पूरे मजबूती एवं एकजुटता के साथ खड़ी है। इस बार पलामू लोकसभा का फैसला ऐतिहासिक होगा और ममता भुईयां बड़े ही अंतर से जीत हासिल करेगी।

बैठक की अध्यक्षता एजाज खान उर्फ छेदी खान ने किया कार्यक्रम का संचालन कलामुद्दीन जी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह,अवधबिहारी सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, मोहम्मद रिजवान, अंबिका सिंह, रामसुंदर राम, आरजेडी के नगर पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार , राज अली, रिजवान जी उदेश्वर राम, नईमुद्दीन जी जेएमएम पार्टी के डॉ एजाज, मुन्ना कुमार देव नेहाल असगर व वीआईपी पार्टी के रामचंद्र चौधरी, धनंजय ,अरविंद चौधरी शाहिद भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजुद थे।

## नल जल योजना से लोगों को नहीं मिल पा रहा पानी

# संवेदक व विभागीय लापरवाही के कारण योजना की नहीं हुई शुरूआत

संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** बढ़ती गर्मी गिरते जलस्तर लोगों का जीना दूभर कर दिया है। वही संवेदक की लापरवाही के कारण गांव में बिछाई गई जल नल योजना केवल दिखावा मात्र बनकर रह गई है। इस पर ना तो विभाग गंभीर है और न हीं संवेदक के द्वारा कार्य में रुचि दिखाई जा रही है।

नतीजतन सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना स्वयं को मुंह चिढ़ा रही है। नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत स्थित चेचरिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल स उपलब्ध कराने के लिए पाइपलाइन बिछाई जानी है। संवेदक के द्वारा कार्य में रुचि नहीं दिखाई जा रही। गांव में जैसे तैसे पाईप बिछाई जा चुकी



है। लेकिन सप्लाई के लिए कहीं भी ना तो मोटर लगाए गए हैं और ना हीं कहीं पानी टंकी। ऐसे में योजना संवेदक और विभागीय अधिकारी के लापरवाही के कारण योजना धरातल पर नहीं उतर पाई। पानी सप्लाई के लिए संवेदक के द्वारा कहीं भी डीप बोर नहीं किया गया। केवल नाम मात्र को 100-150 फीट गहराई बोरिंग कर सरकारी राशि की बंदरबांट किया जा रहा है।

लोगों के द्वारा आग्रह किए जाने के बाद भी पाईप लाईन का प्वाइंट संवेदक के द्वारा नहीं दिया गया। जबकि कई ऐसे जगहों पर प्वाइंट छोड़े गए हैं जहां कोई घर भी नहीं। मानों जैसे खेत की प्यास बुझाने के लिए नल जल योजना लगाई जा रही हो। इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया लेकिन कोई कार्रवाई और न हीं संवेदक पर कार्य पूरा करने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है।

## बाबू वीर कुंवर सिंह के आदर्शों को अपनाना युवाओं का परम कर्तव्य

# प्रेम, भाईचारगी और एकता का प्रतीक है क्षत्रिय धर्म : कामाख्या सिंह

संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ द्वारा मंगलवार 23 अप्रैल को प्रातः 9 बजे बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह क्षत्रिय धर्मशाला कोडरमा और झुमरी तिलैया स्थित तिलैया बस्ती के बगीचा मैदान में भव्य रूप से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह और संचालन महासचिव राम लखन सिंह ने किया। समारोह में उपस्थित क्षत्रिय बंधुओं को संबोधित करते हुए कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह समस्त समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने अपने



वीरता से न केवल अपने क्षेत्र ,अपना समाज बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए इतिहास गढ़ा। आपसी प्रेम , भाईचारगी और एकता आज क्षत्रिय धर्म का प्रतिक बन गया है । हमें बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी से सीख लेनी चाहिए । राम लखन सिंह रामचंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि समस्त समाज के प्रेरणा स्त्रोत बाबू वीर कुंवर सिंह आज न केवल क्षत्रिय बल्कि समस्त समाज के आदर्श हैं । उन्होंने कहा कि हमारी चट्टानी एकता ही हमें मजबूती प्रदान करेगी । महापुरुषों की याद में ऐसे समारोह के आयोजन से हमें हमेशा अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। समारोह स्थल पर उपस्थित क्षत्रिय बंधुओं द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया एवं आज के इस ऐतिहासिक दिन में सबों ने संकल्प लिया कि अच्छे मार्ग, अच्छे सिद्धांत और अच्छी सोच के साथ ही आगे बढ़ना है और समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाना है। धन्यवाद ज्ञापन उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ तिलैया जोन के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने किया। समारोह में संघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, महासचिव राम लखन सिंह, संरक्षक रामचंद्र सिंह ,नारायण सिंह ,राजेंद्र सिंह, विजय सिंह, शिव बालक सिंह, दिनेश सिंह, हरदेव सिंह ,सत्यनारायण सिंह, महेश सिंह, दिनेश सिंह ,रामदेव सिंह, अर्जुन सिंह, कैलाश सिंह, मनोज सिंह, अमित सिंह, राजेंद्र सिंह ,रंजीत सिंह ,नरेश सिंह, लोहा सिंह ,कारू सिंह , अर्जुन सिंह, नकुल सिंह ,वशिष्ठ सिंह, रामविलास सिंह ,मंटू सिंह ,वीरेंद्र सिंह, शंकर सिंह, प्रकाश सिंह, नीरज सिंह, सीताराम सिंह, दामोदर सिंह ,सुरेंद्र सिंह, मनु सिंह ,राजेश सिंह ,संजय सिंह ,अजय सिंह, गणेश सिंह, सोनू सिंह, अंकित सिंह, विनय सिंह ,सतीश सिंह सहित सैकड़ो क्षत्रिय बंधु उपस्थित थे।

# लू ने ले ली एक और युवक की जान

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही गर्म हवाएं (लू) चलने लगती है और जिसने अब तक दो लोगों की जान भी ले ली है। वहीं मंगलवार को भी लू लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक 24 वर्षीय शिवसागर मुंडारी मानगो मुंशी मोहल्ला पारस नगर में किराए के मकान में रहता था। जो मूल रूप से सरायकेला वार्ड नंबर 1 हंसाउड़ी गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि बीते रविवार 21 अप्रैल की दोपहर अत्यधिक गर्मी में वह दोस्त से मिलने गया था। जहां से वापस घर आने के क्रम में वह लू की चपेट में आ गया। जिसके कारण उसके नाक और मुंह से खुद निकलने लगा। यह देखकर परिजनों ने घर पर ही



युवक का इलाज शुरू किया। साथ ही मेडिकल स्टोर से दवा खरीदकर उसे दी। वहीं सोमवार तबीयत में सुधार ना होने पर उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उसे रात्रि लगभग 8:30 बजे छुट्टी दे दी गई। इस दौरान बेड ना होने के कारण उसका इलाज जमीन पर ही हुआ। वहीं छुट्टी के बाद परिजन उसे मानगो स्थित घर ले गए। जहां खाना खाने के बाद उसने सबसे बातचीत भी की और फिर सो गया। जबकि मंगलवार की सुबह परिजनों ने युवक को उठाने की कोशिश भी की। मगर उसका हाथ पैर ठंडा हो चुका था। जिसके बाद परिजन उसे लेकर एमजीएम पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त बातें मृतक के चाचा छोटू मुंडा ने बताई। साथ ही उन्होंने कहा कि भतीजा शिवसागर मुंडारी ने तीन माह पहले टाटा मोटर्स से अप्रेंटिस की ट्रेनिंग की है। जिसके बाद वह गम्हरिया इंडस्ट्रियल एरिया में काम कर रहा था। इधर कुछ दिनों से वह काम से बैठ गया था। फिलहाल परिजन मृतक का शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए अपने पैतृक गांव चले गए।

## एक नजर

### गम्हरिया में शराबी पति ने पत्नी पर किया चाकू से हमला



**जमशेदपुर ।** गम्हरिया थाना अंतर्गत मुर्गा घुटटू गांव में मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे शराबी पति शंभु नायक ने अपनी पत्नी ललिता नायक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। जिससे पत्नी के पीठ पर गहरा जख्म हो गया। इसी बीच परिजनों ने पति की जमकर धुनाई कर दी। साथ ही घटना की सूचना संबंधित थाने को दी। वहीं सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति को हिरासत में लेकर थाने चली गई। जिसके बाद घायल ललिता को परिजन इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले में उसकी सास गुरुबारी नायक ने बताया कि उसका बेटा शंभू नायक शराब पीने का आदी है और बहु मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती है। दोनों के दो बच्चे भी हैं एक बेटा और एक बेटी। बेटा कुछ बहु से मारपीट कर शराब पीने के पैसे भी मांगता है। वह अपने भाईयों से भी लड़ता झगड़ता रहता है। आज सुबह उसने बहु के पीठ में चाकू मार दिया। जिसके बाद वह पेट में मारना चाहता था। मगर बहु ने उसे पकड़ लिया। जिससे उसका हाथ भी कट गया। इस दौरान शोर सुनकर मैं भी वहां पहुंची और सभी को बुलाया। जिसके बाद उसकी जमकर पिटाई भी की। कुछ दिनों से उसका दिमाग भी ठीक नहीं है। वह बेटे को भी मारने की बात करता था। वहीं महिला को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। फिलहाल पुलिस पति को हिरासत में रखकर पूछताछ कर रही है।

### कपड़ा धोने गई महिला चट्टान से गिरकर हुई घायल

**जमशेदपुर ।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत सालडीह बस्ती स्थित खरकाई नदी किनारे मंगलवार की सुबह 11 बजे कपड़ा धोने गई महिला मालती सोय उतरते समय चट्टान में पैर फिसलने से नीचे गिर गई। जिससे उसके सर पर गंभीर चोट भी लगी। वहीं सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां वह इलाजरत है। उसके सर पर टांके भी लगे हैं। मामले में देवर दिलीप सोय ने बताया कि उसकी भाभी मालती रोजाना की तरह कपड़े धोने के लिए नदी में गई। इसी बीच चट्टान से नदी में उतरते समय वह गिर गई। जिसकी जानकारी हमें बस्ती के लोगों ने दी। जिसके बाद हम आनन-फानन में भाभी को लेकर अस्पताल पहुंचे। फिलहाल महिला का इलाज अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में चल रहा है।

### चुनाव के मद्देनजर एसपी सिटी ने की बैठक



**जमशेदपुर ।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार एसपी सिटी मुकेश कुमार लुनायत द्वारा एक समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें उपस्थित डीएसपी एवं थाना प्रभारियों को लंबित वारंट, इश्तेहार व कुर्की के निष्पादन, थाना के दागियों के सत्यापन तथा विभिन्न अपराध शीर्ष में आरोप पत्रित अपराधियों के विरुद्ध नियमानुकूल निरोधात्मक कार्रवाई करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया।

### स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप कोषांग के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बीएलओ द्वारा मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण किया गया। मार्गदर्शिका बुकलेट के माध्यम से मतदाता मतदान करने की प्रक्रिया, सी-विजिल एप्प, निर्वाचन से संबंधित टोल फ्री नं 1950, वोटर हेल्पलाइन एप्प, ईवीएम वीवीपैट इत्यादि से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विभिन्न गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पंप द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त गैस सिलिंडर पर स्टीकर, पेट्रोल पंप परिसर पर हस्ताक्षर बोर्ड व सेल्फी पॉइंट लगाकर 20 मई आमजनों को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है।

## कोडरमा की जनता ने सांसद की सक्रियता से कई बड़े बदलाव देखे हैं

# जनता भ्रमित होनेवाली नहीं : अन्नपूर्णा

**एक दूसरे पर कुर्सियां चलाकर, एक दूसरे का खून बहाकर इन्होंने बता दिया है कि इनका इरादा लोकतंत्र को भी लहूलुहान करने का है**

संवाददाता

**कोडरमा ।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बात बात में लोकतंत्र की दुहाई देनेवालों के लोकतंत्र की कलई रांची के जगन्नाथ मैदान में खुल गई है। एक दूसरे पर कुर्सियां चलाकर, एक दूसरे का खून बहाकर इन्होंने बता दिया है कि इनका इरादा लोकतंत्र को भी लहूलुहान करने का है।

लेकिन लोकतंत्र की हर कीमत



पर रक्षा को प्रतिबद्ध देश की महान जनता इनके मंसूबों पर पानी फेर देगी। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा उनका घर आंगन है और यहां के मेरे परिवारजनों को वे लोग नहीं बरगला सकते जिन्होंने लम्बे अरसे तक जंगल से लेकर सड़क तक अराजकता फैलाकर लोगों को परेशान किया है। हास्यास्पद यह है कि ढिबरा, बालू, पत्थर के काले कारोबार को संरक्षण देकर, इन चीजों के जरिए दो वक्त की रोटी का जुगाड करनेवालों पर बंदिश लगानेवाले ही ढिबरा - बालू - पत्थर चिल्ला रहे हैं और इस कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं कि - चोर बोले जोर से।

इन्हें जनता को बताना चाहिए कि राज्य में बालू घाटों की नीलामी क्यों लम्बे वक्त से नहीं, क्यों राज्य सरकार की घोषणा के बाद भी ढिबरा का वैध कारोबार चालू नहीं। जनता समझ चुकी है कि राज्य सरकार के पिछलग्गू बनकर अपना उल्लू सीधा करनेवाले लोग फर्जी क्रांतिकारी हैं और उन्हें ठगने आए हैं। कोडरमा की जनता ने केंद्र की मोदी सरकार और अपने सांसद की सक्रियता की वजह से कई बड़े सकारात्मक बदलाव देखे हैं। सरिया रेल ओवरब्रिज, हजारीबाग रोड और कोडरमा स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकास, कोडरमा होते हुए गिरिडीह से आसनसोल और रांची तक की ट्रेन, कई ट्रेनों का ठहराव, मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज, विनोबा भावे विश्वविद्यालय को पीएम ऊषा के तहत 100 करोड़ रुपए का ग्रांट, गिरिडीह के गांव गांव घूमती मोबाइल मेडिकल वैन जैसी कई उपलब्धियां हैं जिनका लाभ जनता को मिल रहा है या मिलनेवाला है और जनता इन उपलब्धियों की वजह से उत्साहित है, मुझे ढोल पीटने की जरूरत नहीं। नकारात्मक और विध्वंस की राजनीति करनेवालों को यह सब शायद नहीं दिख रहा हो, लेकिन जनता सब देख रही है।

### एसपी ग्रामीण ने चलाया अभियान, वोटिंग के लिए किया प्रेरित



**जमशेदपुर ।** एसपी ग्रामीण ऋषभ गर्ग ने कोय डी/ सीआरपीएफ 157 बटालियन के साथ सुदूरवर्ती एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों उत्क्रमित मध्य विद्यालय ओपो पटमदा थाना अंतर्गत आने वाले कलस्टर से सारी एवं बटलूका पोलिंग स्टेशन लोकेशन में अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वहां के ग्रामीणों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़ चढ़कर वोटिंग करने के लिए प्रेरित किया गया।

#### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जयनगर प्रखंड का दौरा किया

## क्लस्टर प्वाइंट एवं मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का मुकम्मल व्यवस्था रखें: उपायुक्त

संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा जयनगर प्रखंड का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सभागार में सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की। उपायुक्त ने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को उनके कार्य व दायित्व की जानकारी दी। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से मतदान केंद्रों के रूट चार्ट और नजरी नक्शा की जानकारी ली। मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें। जहां शौचालय निर्माण करना है या चापाकल मरम्मती करना है तो वहां यथाशीघ्र कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं और? 80 वर्ष से




अधिक आयु वाले मतदाताओं को होम वोटिंग करने से संबंधित आकलन की जानकारी ली। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। मतदान केंद्रों पर सारी मूलभूत सुविधाओं? की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिन मतदान केंद्रों या क्लस्टर प्वाइंट पर जल स्तर नीचे है वहां पानी की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ रखें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की 20 मई 2024 मतदान दिवस के दिन मताधिकार का प्रयोग कर अवश्य मतदान करें। उपायुक्त ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण अतिआवश्यक है। सभी मतदान कर्मियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण देने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया।

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे। क्लस्टर, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज द्वारा जयनगर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्लस्टर और इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गय। उन्होंने कहा कि क्लस्टर की साफ-सफाई सुनिश्चित करें ।

## श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव सह 43 वां वार्षिक उत्सव संपन्न

संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का दो दिवसीय हनुमान महोत्सव 43 वां वार्षिक उत्सव केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल परिवार और श्रद्धालु भक्तों की ओर से सामूहिक रूप से वीर हनुमान को भव्य गजरा अर्पित किया गया ।दो दिवसीय कार्यक्रम में स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों ने भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका दिया। कार्यक्रम में कई श्रद्धालु भक्तों ने वीर हनुमान सहित बाबा श्याम, भोले शंकर ,माता दुर्गा पर आधारित भोजपुरी ,राजस्थानी, क्लासिकल आधारित भजनों को प्रस्तुत किया। धनबाद से आए धनबाद से आए भजन गायक अभिषेक सिंघल, पंकज शर्मा, दीपक अरोड़ा ,जमशेदपुर से अनामिका सिंह, सरिया का धीरज पांडेय ने दुनिया चले न राम के बीना और राम जी चले ना हनुमान के बिना ..........। चप्पा चप्पा लंका जले.......। हर कदम पर सांवरे जब



मेरे साथ है.........। जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। स्थानीय भजन मंडली श्याम मित्र मंडल ,श्यामशरण में आजा रे, सांवरे की सखियां ,सियाराम सत्संग समिति, सहित दर्जनों भजन मंडलीयां ने भजन प्रस्तुत किया। वहीं रिद्धम डांस एकाडमी, नटखट प्ले स्कूल, के बच्चों ने आरती और भक्ति संगीत पर भक्ति संगीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश किया, वही आकाश योग केन्द्र के बच्चो ने योगेष्टीक योगा प्रस्तुत कर लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबुर किया। गायत्री परिवार वही गायत्री परिवार के द्वारा दीप यज्ञ प्रस्तुति की गई। पूजा अर्चना आचार्य अनिल मिश्रा ,पंडित विजय पांडेय , अजय उपाध्याय ने कराई ।मंच संचालन गौतम पांडेय, अनूप मोदी ,राकेश कापसिमें, गिरधारी सोमानी, सीमा सहल,ने प्रस्तुत किया ।वहीं कार्यक्रम में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव,पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ,भारत विकास परिषद के नारायण सिंह, अजय अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद में अरविंद सिंह, मनोज चंद्रवंशी, अजय वर्मा, पंकज दुबे, सुषमा सुमन, दीनानाथ पाण्डेय,गौशाला समिति के प्रदीप केडिया अग्रवाल समाज के सचिव हिमांशु केडिया भारतीय स्टेट बैंक झुमरी तिलैया शाखा के मुख्य प्रवंधक अमर कुमार सिंह, सहित कई श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।

## मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

संवाददाता

**कोडरमा ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल कोडरमा में आयोजित मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। इस मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में जिले के 21 हाई स्कूल के 86 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। ग्रिजली विद्यालय के छात्र अमन वर्मा, रीत भदानी, अनुष्का भदानी, आयुष कुमार अपने शिक्षक दीपक पांडेय के साथ इस प्रतियोगिता में शामिल हुए और प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुई । इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरुकता संबंधी मॉडल बनाया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त मेघा



भारद्वाज ने विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यालय में छात्रों के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट देने के लिए भी निमंत्रण पत्र दिया गया और वोट करने की अपील की गयी। ग्रिजली विद्यालय के छात्रों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय सिंह, जीतेन्द्र चौधरी, बुद्ध देब नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय, स्पोर्ट्स संयोजक सुनील कुमार साव सहित पुरे विद्यालय परिवार ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति ने हनुमान जयंती मनाई

**हजारीबाग।** श्री श्री चैत्र राम नवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन और उनके सहयोगियों ने हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर महावीर स्थान चौक हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। प्रसाद और हनुमान चालीसा का वितरण किया। मंदिर के पुजारी ने अध्यक्ष टोनी जैन को अंगवस्त्र औढाकर सम्मान किया। मंदिर पहुंचकर अध्यक्ष ने मंदिर के तीनों पुजारी का सम्मान किया। हनुमान जयंती पर उन्होंने कहा की हनुमान जी राम भगवान के सच्चे भक्त थे, और महान सेनापति थे। हनुमान जयंती चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि के दिन पूजा अर्चना करने से सभी भक्तों का मनोकामना पूर्ण होता है। आज पूरे भारत में हनुमान जी की मंदिर सबसे ज्यादा है। हनुमान जयंती के दिन सभी भक्तों को हनुमान जी का का आशीर्वाद मिलता है। समिति के सदस्यों में सोनू गुप्ता शेखर गुप्ता अमित पांडे निशिकांत सिंह सभी लोगों उपस्थित थे।

### गोलमुरी गोलीबारी में दो गिरफ्तार, पिस्टल, मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** बीते 16 अप्रैल को गोलमुरी थाना अंतर्गत केबुल टाउन के पास अपराधियों ने स्कूटी सवार दो लोगों पर गोलीबारी की थी। जिसके बाद पुलिस ने थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान के क्रम में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिसमें पलामू पीपरा मंसुरिया सह वर्तमान गोविंदपुर निवासी सुमित कुमार यादव उर्फ मुड़ी और गोलमुरी टुइलाडूंगरी लाइन नंबर एक का रहने वाला विक्की सिंह शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल, मैगजीन और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ऑफिस में एसपी सिटी मुकेश कुमार लुनायत ने प्रेसवार्ता कर किया। मौके पर डीएसपी सिटी सुधीर कुमार भी मौजूद थे। वार्ता के दौरान एसपी ने बताया कि बीते दिनों गोलमुरी केबुल टाउन में फायरिंग की घटना घटी थी। जिसके बाद एसएसपी के आदेश पर एसपी सिटी के निर्देश पर डीएसपी सिटी के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस टीम ने घटना में शामिल दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी के माल को स्क्रैप टाल में बेचने को लेकर विवाद हुआ था। गिरफ्तार आरोपी पहले भी जेल जा चुके हैं। टीम में डीएसपी के अलावा एसआई संजय कुमार मालवीय, गोरव कुमार सिंह और राज रौशन समेत पुलिस बल शामिल थी।

## गोलकीपिंग कार्यक्रम शुरू करने के लिए हॉकी इंडिया की आभारी हूं: जसप्रीत



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत की पूर्व महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी जसप्रीत कौर पूर्व ड्रैग-फ्लिकरों के समूह का हिस्सा थीं, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में साई बेंगलुरु में हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर हरमन क्रूज के संरक्षण में गहन प्रशिक्षण लिया था। प्रशिक्षण सत्र हॉकी इंडिया की अनूठी पहल का एक हिस्सा था जिसका उद्देश्य पूरे देश में कोचिंग पद्धतियों को मानकीकृत करना और हॉकी प्रतिभा की अगली पीढ़ी का पोषण करना था। कोचिंग में एकरूपता और निरंतरता सुनिश्चित करने की दृष्टि से तैयार किए गए इस कार्यक्रम में भारत के प्रतिष्ठित पूर्व गोलकीपर एड्रियन डिसूजा, भरत छेत्री, योगिता बाली, हेलेन मैरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते, पीटी राव और प्रतिष्ठित पूर्व ड्रैग-फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह, गुरजिंदर सिंह, वीआर रघुनाथ, और, जसप्रीत कौर ने हिस्सा लिया। हरमन क्रूज की निगरानी में, इन दिग्गजों ने अपने कोचिंग कौशल को निखारा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कोचिंग दृष्टिकोण को सुव्यवस्थित करना है, जिससे देश भर के एथलीटों को, विशेष रूप से जमीनी स्तर पर, समान बुनियादी बातों और कौशल सीखने में सक्षम बनाया जा सके, जिससे प्रशिक्षण मानकों में एकरूपता को बढ़ावा मिले।

# क्रिकेट आयरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी सफेद गेंद श्रृंखला को किया स्थगित

### ● मालाहाइड को खोलना हमारे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण नुकसान होगा

**डबलिन। एजेंसी**

क्रिकेट आयरलैंड ने वित्तीय बाधाओं के कारण इस साल अगस्त में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली अपनी सफेद गेंद की श्रृंखला को स्थगित कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की बड़ी सीरीज से पहले अगस्त में तीन वनडे और एक टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा करना था। क्रिकेट आयरलैंड के प्रमुख वारेन ड्यूट्रोम ने सोमवार को पुष्टि की कि बोर्ड को अपने




संगठन के कारण होने वाले अनुमानित वित्तीय नुकसान को ध्यान में रखते हुए श्रृंखला को स्थगित कर दिया गया था। विजडन के हवाले से ड्यूट्रोम ने द फाइनल वर्ड पॉडकास्ट को बताया आयरलैंड में हमारे पास बहुत कम पिचें हैं जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी कर सकती हैं, इसलिए हमें काफी कठिन निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा इसके लिए हमें मालाहाइड क्रिकेट ग्राउंड को खोलना होगा, और अगर हम ऐसा करने जा रहे थे, तो हमने अनुमान लगाया कि मालाहाइड को खोलना हमारे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण नुकसान होगा। तथ्य यह है कि, प्रसारण अधिकारों के लिहाज से, ऑस्ट्रेलिया संभवतः हमारे सभी विभिन्न विरोधियों में चौथा सबसे बड़ा होगा, इससे उत्पादन की लागत भी शामिल नहीं होगी, मालाहाइड को खोलने और ध्यान में रखते हुए कि यह पूरी तरह से ग्रीन-फील्ड साइट है, दुर्भाग्य से, हमें ये कठिन निर्णय लेने होंगे। पिछले साल अगस्त में, आयरलैंड ने तीन मैचों की ळ20क श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी की थी, जिसमें चोट के कारण लंबे समय के बाद भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की खेल में वापसी हुई थी। 2022 में, अफगानिस्तान ने बेलफास्ट में पांच मैचों की टी20ई श्रृंखला के लिए आयरलैंड का दौरा किया था। पिछले साल, आयरलैंड ने इंग्लैंड के चेम्सफोर्ड काउंटी ग्राउंड में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला खेली थी और इंग्लैंड में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने 'घरेलू' मैच भी खेले थे।

क्रिकेट आयरलैंड प्रमुख ने एक नया क्रिकेट स्टेडियम बनाने की योजना पर ध्यान केंद्रित किया और महिलाओं और आयु-स्तरीय क्रिकेट में निवेश बढ़ाने की अनुमति के संदर्भ में निर्णय को उचित ठहराया। उन्होंने कहा हम अब एक ऐसा बोर्ड नहीं हैं जो विशेष रूप से हमारे द्वारा आयोजित पुरुष सीनियर क्रिकेट की मात्रा से खुद को तौलता है। हम कोशिश करने जा रहे हैं और जाहिर तौर पर भविष्य में फिर से ऑस्ट्रेलिया से खेलेंगे।

लेकिन हम इस साल 46 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हैं। हम अपने पुरुषों की इंटर-प्रोस, हमारी महिलाओं की सुपर सीरीज के साथ प्रांतीय स्तर पर 47 या 48 मैचों का समर्थन कर रहे हैं; हमारे पास एक उभरती हुई प्रतियोगिताएं हैं;हमारी वोल्व्स [पुरुषों की ए टीम] नेपाल में रही है; हम इस वर्ष वेस्टइंडीज अंडर-23 की मेजबानी करने जा रहे हैं। यह प्रतिनिधि क्रिकेट का एक बहुत बड़ा हिस्सा है।

## एक नजर

### हम हर मैच वैसे ही खेलेंगे, जैसा हमने गुजरात के खिलाफ खेला था : डेविड वार्नर

**नई दिल्ली।** अब तक आठ में से तीन मुकाबलों में जीत हासिल करने के बाद, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के बाकी मैचों में चीजों को बदलने की कोशिश करेगी। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान क्रिकेट पर विभिन्न विषयों पर विस्तार से बात की, जिसमें सीजन में टीम का अब तक का प्रदर्शन भी शामिल था। वार्नर ने कहा हम वहां नहीं हैं जहां हम टीम की खातिर होना चाहते थे। हम कुछ और मैच जीतना चाहेंगे। लेकिन प्लेऑफ में जाने के लिए स्पष्ट रूप से हमें अगले सभी मैच जीतने होंगे। इसलिए हम हर मैच वैसे ही खेलेंगे, जैसे हमने गुजरात के खिलाफ खेला था।

### राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे शिवेश और खुशी

**वाराणसी।** वाराणसी के कानीनजुकु आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के छात्र शिवेश शर्मा और खुशी मजुमदार देहरादून में 8 से 12 मई तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अकादमी के मुख्य कोच अरविंद कुमार ने मंगलवार को बताया कि शिवेश और खुशी ने लखनऊ के चौक स्टेडियम में 20 और 21 अप्रैल 2024 को आयोजित कैडेट, जूनियर, अंडर 21 और सीनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप में वाराणसी का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जिससे दोनों का चयन उत्तर प्रदेश की कराटे टीम में हुआ। उन्होंने कहा कि कैडेट, जूनियर, अंडर 21 और सीनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप में उनके अकादमी के 13 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें से 09 ने पदक जीते। पदक विजेताओं में शिवेश और खुशी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि भूमि राय, तन्मय, अदिति सोनकर ने रजत और शिवानी गुप्ता, अनुष्का कुमारी, वैदिक सिंह और वैष्णवी तिवारी ने कांस्य पदक जीता।

### आशी, स्वप्निल ने 3पी ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** निशानेबाज आशी चौकसे और स्वप्निल कुसाले ने मंगलवार को नई दिल्ली में ओलंपिक चयन ट्रायल के दौरान क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पधाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। आशी ने महिलाओं की 3पी ओएसटी में 590 का स्कोर किया जबकि सिफ्त कौर समरा 583 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। टोक्यो ओलंपियन अंजुम मौदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक कोटा धारक श्रीयंका सदांगी 575 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं। वहीं, पुरुषों के 3पी में स्वप्निल ने पहले नीलिंग और प्रोन पोजीशन में दो शानदार 199 अंकों के साथ दूसरों को पछाड़ते हुए कुल 592 अंक अर्जित किये और शीर्ष पर रहे। सेना के अनुभवी छोटे बोर विशेषज्ञ चैन सिंह 591 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

# आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस में आज होगा मुकाबला

## प्लेऑफ के लिए दावेदारी बनाये रखने जीत के इरादे से उतरेंगी दोनो टीमों

**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल के 40 वें मुकाबले में बुधवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। कैपिटल्स ने इस सत्र में खराब शुरूआत के बाद लगातार दो मैच जीतकर लय हासिल की थी, पर पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे सबक लेते हुए दिल्ली अब इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी।

पिछले मैच में दिल्ली की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी में असफल रही थी। इसलिए इस मैच में उसका लक्ष्य शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना



होगा। इस मैच में कप्तान ऋषभ पंत को भी जीत के लिए आक्रामक अंदाज में खेलना होगा। हैदराबाद के खिलाफ मैच में वह उस तेजी से नहीं खेल पाये थे जिसकी जरुरत थी। इसके अलावा उनकी कप्तानी भी ठीक नहीं रही थी। सनराइजर्स के खिलाफ उनके फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह ओस के पहलू को सही तरह से नहीं समझ पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके अलावा पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का उनका फैसला भी गलत रहा जिससे सनराइजर्स के बल्लेबाजों को आक्रामक शुरूआत का अवसर मिल गया।

टीम ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए। दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर फिसल गयी है। ऐसे में उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने अब हर मैच जीतना होगा। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के दौरान ऋषभ संघर्ष करते दिखे।

## सुनील ने विश्व कप टीम में वापसी की संभावना को किया खारिज

**नई दिल्ली। एजेंसी**

सुनील नरेन ने कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजबानी में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज की टीम में वापसी से खुद को बाहर कर लिया है और जोर देकर कहा है कि राष्ट्रीय टीम में वापसी का दरवाजा अब बंद हो गया है। 35 वर्षीय नरेन चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में शानदार फॉर्म हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 56 गेंदों में नाबाद 109 रन की शानदार शतकीय पारी खेली थी, जो उनका पहला टी20 शतक है। वह केकेआर के संयुक्त अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं, जिन्होंने अपनी ऑफस्पिन के साथ 7.10 की इकॉनमी रेट से नौ विकेट लिए हैं।

हालांकि, नरेन ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया, 2019 के बाद से



वेस्टइंडीज के लिए नहीं खेले। नरेन ने सोमवार देर रात इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं वास्तव में बहुत खुश हूं और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरे संन्यास से वापस आने और आगामी टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है। मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है और हालांकि मैं कभी निराश नहीं होना चाहता, वह दरवाजा अब बंद हो गया है और मैं उन लोगों का समर्थन करूंगा। जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे। वे लोग जिन्होंने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है।

# भारत के अनुभवी खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर स्क्वैश से लिया संन्यास

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने सोमवार को पेशेवर स्क्वैश से संन्यास की घोषणा की है। अपने 22 साल के कैरियर के दौरान घोषाल ने 10 प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) खिताब और राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूजी) और एशियाई खेलों में कई पदक जीते। 37 वर्षीय खिलाड़ी विश्व स्क्वैश रैंकिंग में शीर्ष 10 में भी रह चुके हैं। वह अप्रैल 2019 में शीर्ष 10 में पहुंचे और छह महीने तक वहां रहे।

घोषाल ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा मैंने 22 साल पहले पीएसए वर्ल्ड टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वैश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की, हमारे अद्भुत खेल के कुछ सबसे बड़े मंचों पर खेलते हुए, मैंने सोचा कि इसका कभी अंत नहीं होगा। लेकिन, हमेशा एक अंतिम बिंदु होता है। यह संदेश लिखते समय मैं भावनाओं से अभिभूत हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है। इसलिए, गर्व से भरे दिल और दुख की लहर के साथ, मैं पीएसए से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं। उन्होंने आगे लिखा इन पिछले 2 दशकों ने मुझे एक व्यक्ति के रूप में आकार दिया है और मुझे मिले अवसरों के लिए मैं सदैव आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि मैंने खुद को गरिमा के साथ



संचालित किया है और खेल को 'सही तरीके से' खेला है। मैं अपने दादा-दादी, अपने पिता, अपनी पत्नी और अपने प्यारे परिवार के बाकी सदस्यों के बिना इतनी दूर तक नहीं पहुंच पाता।

मुझे वह व्यक्ति बनाने के लिए धन्यवाद जो मैं हूं। मैल्कम विलस्ट्रॉप के विशेषज्ञ मार्गदर्शन के बिना मैं आधा पेशेवर खिलाड़ी भी नहीं होता। सौरव ने 2003 में पीएसए में पदार्पण किया था। उन्होंने 10 पीएसए खिताब हासिल किए हैं और उस स्तर पर 18 फाइनल में पहुंचे हैं। पीएसए टूर में उन्होंने अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। पीएसए वर्ल्ड टूर स्क्वैश खिलाड़ियों के लिए एक पेशेवर सर्किट है, जो टेनिस में एटीपी और डब्ल्यूटीए और बैडमिंटन में बीडब्ल्यूएफ के समान है।

घोषाल की अंतिम पीएसए खिताब जीत नवंबर 2021 में मलेशियाई ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप थी, जहां उन्होंने कोलंबिया के मिगुएल रोड्रिगेज को हराया था। उनकी अंतिम पीएसए टूर उपस्थिति 2024 विंडी सिटी ओपन में थी जहां वह 64 के राउंड में यूएसए के टिमोथी ब्राउनेल से हार गए थे। घोषाल ने 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 संस्करणों में नौ एशियाई खेलों में पदक हासिल किए, जिसमें हांग्जो 2022 और इंचियोन 2014 स्पधाओं में एक टीम स्वर्ण भी शामिल है।

उनके पास तीन सीडब्ल्यूजी पदक भी हैं, जिसमें 2022 में बर्मिंघम में दीपिका पल्लीकल के साथ मिश्रित युगल में रजत पदक भी शामिल है। वह उसी स्पर्धा में एकल प्रतियोगिता में सीडब्ल्यूजी स्क्वैश पदक हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बने। उन्होंने 2022 ग्लासगो प्रतियोगिता में मिश्रित स्पर्धा में हमवतन दीपिका पल्लीकल कार्तिक के साथ साझेदारी करके विश्व युगल चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक भी जीता है। घोषाल का घरेलू सर्किट पर भी शानदार करियर रहा है और उन्होंने 13 राष्ट्रीय खिताब अपने नाम करने का रिकॉर्ड बनाया है।

# वाणिज्य



## विमान में 12 साल तक के बच्चों को माता-पिता के साथ सीट दी जाए

**नई दिल्ली। एजेंसी**

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों को उड़ान के दौरान 12 साल तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित करने का निर्देश दिया है। डीजीसीए ने मंगलवार को जारी एक बयान में एयरलाइंस कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता या अभिभावकों में कम से कम एक के साथ उनकी सीट आवंटित की जाए। इसके साथ ही इसका रिकॉर्ड भी रखा जाए। विमानन नियामक ने यह निर्देश बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आने के बाद जारी किए हैं। यह निर्देश ऐसे मामलों की पृष्ठभूमि में



आया है। अब डीजीसीए की ओर से 2024 में जारी एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर (एटीसी)-01 के मुताबिक 12 साल से कम उम्र के बच्चे को हवाई सफर के दौरान उसके अभिवावकों के पास वाली सीट उपलब्ध हो सकेगी।

खास बात ये है कि इसके लिए यात्री को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा। अगर अभिभावक ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का ऑप्शन चुना है तो बगल की सीट बच्चे के लिए अरेंज करना होगा।

## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मंगलवार को मंगलकारी संकेत मिल रहे हैं। पिछले सप्ताह लगातार दबाव का सामना करने के बाद अमेरिकी बाजार में अब रिकवरी नजर आ रही है। पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। डाऊ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली बढ़त बनाए हुए है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में टेक शेयरों में तेजी का रुख बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों को काफी सपोर्ट मिला। डाउ जॉन्स 250 अंक तक उछल गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,006.71 अंक के स्तर पर



पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 152.89 अंक यानी 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,434.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 128.02 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की उछाल के साथ 8,023.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,040.36 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 123.44 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,860.80 के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर मजबूती नजर आ रही है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं, जबकि 2 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं।

## कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 88 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.24 डॉलर यानी 0.28 फीसदी की बढ़त के साथ 87.24 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.29 डॉलर यानी 0.35 फीसदी उछलकर 82.85 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती उतार-चढ़ाव के बाद मजबूती का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार में मुनाफावसूली की वजह से शेयर बाजार के सूचकांकों में गिरावट भी आई। लेकिन खरीदारों ने थोड़ी ही देर में लिवाली का जोर बना कर इन सूचकांकों की रफ्तार बढ़ा दी। एक घंटे का शुरूआती कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.39 प्रतिशत और निफ्टी 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजी, श्रीराम फाइनेंस, टाइटन कंपनी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर 1.85



प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, एचडीएफसी लाइफ, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और बजाज ऑटो के शेयर 1.20 प्रतिशत से लेकर 0.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,113 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,470 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 643 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

## एक नजर

### स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाई में गिरी

**पिथौरागढ़।** जिले के बेरीनाग में मंगलवार सुबह चौकोड़ी में एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में दो बच्चे घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। सुबह हिमालया इंटर कालेज की बस स्कूली बच्चों को लेकर जा रही थी। तार हटाने के लिए बस चालक बस से बाहर उतरा तभी बस एकाएक ढलान पर चल पड़ी और खाई में पलटकर चीड़ के पेड़ से टकराकर रुक गई। हादसे में लक्षित पंत 10वीं कक्षा का छात्र और बिनीता बोहरा 12वीं कक्षा की छात्रा घायल हो गई।

### जर्मनी में चीन के लिए जासूसी करने के संदेह में तीन जर्मन नागरिक गिरफ्तार

**बर्लिन।** जर्मनी में चीन के लिए जासूसी करने और सेना की ओर से संभावित तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली प्रौद्योगिकी की जानकारी भेजने के संदेह में सोमवार को तीन जर्मन नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। अभियोजकों ने बताया कि तीन जर्मन नागरिकों पर जून 2022 से कुछ समय पहले से चीनी खुफिया विभाग के लिए काम करने का आरोप है। उन पर जर्मन निर्यात कानूनों का उल्लंघन करने का भी संदेह है। संघीय अभियोजकों ने बताया कि कि जर्मनी गोपनीयता कानूनों की वजह से संदिग्धों में से एक की पहचान केवल थॉमस आर के रूप में की गई है।

### अमेरिका के एरिजोना में सड़क हादसा भारत के दो छात्रों की मौत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास दो कारों की सीधी टक्कर में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार मृतकों में भारतीय मूल के निवासी निवेश मुक्का (19) और गौतम पारसी (19) अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे। यह हादसा स्टेट रूट- 74 के उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट पर हुआ। यह पता लगाया जा रहा है कि कारों में टक्कर कैसे हुई। पुलिस का कहना है कि हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है।

### छात्राओं को दी गयी विधिक साक्षरता

**नैनीताल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के द्वारा मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज खुपार्ताल मे विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नालसा यानी बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण अधिकार-2015, एआई टूल्स, लिंक्स व ओटीपी से हो रहे साइबर अपराधों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, तथा ऐसे अपराधों से बचने के लिए बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलाप, निःशुल्क विधिक सहायता, लीगल एड क्लिनिक, स्थाई लोक अदालत, मासिक लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, छात्रों एवं युवा पीढ़ी में नशे के बढ़ते मामलों व नशे से संबंधित शारीरिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों व इनसे संबंधित दंडात्मक प्रावधानों, किशोर न्याय बोर्ड आदि विषयों पर जागरूक किया।

### 'ट्रंप ने 2016 के चुनाव को 'प्रभावित' करने की कोशिश की'

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने के लिए एक साजिश रची और अपनी निजी जिंदगी की ऐसी जानकारियों को सार्वजनिक होने से रोका जिसका उन्हें चुनाव में नुकसान हो सकता था। यह बात एक अभियोजक ने सोमवार को जूरी के सदस्यों को बताई, जो ट्रंप के खिलाफ एक पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने के मामले की सुनवाई कर रही है। बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि ट्रंप 'निर्दोष' हैं और यह मामला सुनवाई योग्य भी नहीं है। अभियोजक मैथ्यू कोलांगेलो ने जूरी सदस्यों को बताया कि अभियुक्त डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने के लिए एक आपराधिक साजिश रची थी।

### कोतवाली में पड़े कूड़े के ढेर में लगी आग

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश कोतवाली में पड़े कूड़े के ढेर में लगी आग ने एक कार को अपनी चपेट में ले लिया। इससे कोतवाली में हड़कंप मच गया। सूचना दमकल विभाग को दी गई। मंगलवार की दोपहर लगभग 12: 00 बजे करीब कोतवाली के अंदर पड़े कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई, जिसने एक्सीडेंटल कार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कोतवाली में मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

### नेशनल हाइवे के किनारे वृद्ध का मिला शव

**झांसी।** मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे झांसी-खजुराहो पर रानीपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरियाबेर के पास एक वृद्ध का शव मिला। घटना की सूचना राहगीरों द्वारा 112 नम्बर डायल कर पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे रानीपुर चौकी प्रभारी अश्वनी दीक्षित ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। मृतक वृद्ध की शिनाख्त मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी स्थित ग्राम नौरा निवासी द्वारपाल वंशकार के रूप में की गई है। कयास लगाया जा रहा है कि रात्रि में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत हुई होगी।

इंदौर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी का जनसंपर्क प्रारंभ

# देश की जनता मोदी को तीसरी बार देखना चाहती है प्रधानमंत्री : कैलाश

- ये चुनाव देश के भविष्य को सुरक्षित करने का चुनाव : शंकर

**इंदौर। एजेंसी**

इंदौर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी ने मंगलवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, कृष्णमुरारी मोघे, विधायक मधु वर्मा, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता, जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा, पूर्व महापौर उमाशाशी शर्मा, लोकसभा संयोजक रवि रावलिया, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा, आलोक दुबे, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी दीपक टीनू जैन, सुमित मिश्रा की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक १ के सिरपुर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से जनसंपर्क प्रारंभ किया। लालवानी ने खेड़ा पति हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की,



पंडित हेमंत अग्निहोत्री ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न करवाई, लालवानी ने शिव जी का जलाभिषेक भी किया। उन्होंने मंदिर के महंत महामंडलेश्वर जगदीश दास महाराज से आशीर्वाद लिया, उन्होंने जीत का आशीर्वाद दिया तत्पश्चात जनसंपर्क प्रारंभ किया।

गीता नगर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जीप से जनता को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता में लोकसभा चुनाव को लेकर अपार उत्साह है, ये उत्साह मोदी जी के प्रति है, ये उत्साह भाजपा के प्रति है, ये उत्साह विकास के प्रति है। जनता और कार्यकताओं के उत्साह को देख कर लगता है, कि देश की जनता मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है, तो हर देशवासी चाहता है कि मोदी के नेतृत्व में फिर से सरकार बने और देश और आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि देश की जनता देश के लिए और देश को आगे बढ़ाने के लिए वोट देना चाहती है, भाजपा की जीत सुनिश्चित है, इंदौर में भी जीत का नया रिकॉर्ड बनेगा।

कालानी नगर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी शंकर लालवानी ने कहा कि एक समय था जब हमारा पड़ोसी देश हमें आंखे दिखाता था, आतंकवादी कभी भी हमारी सीमा में घुस आते थे, मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का काम किया है। एक बार आतंकवादी हमारी सीमा में घुसे तो सर्जिकल स्ट्राइक कर उनके ठिकाने को नेस्तनाबूद करने का काम मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सेना ने किया।

## शरीर को जलयोजित रखने के साथ ठंडक भी पहुंचाता है तरबूज : डॉ. राजीव

**कानपुर। एजेंसी**

तेज धूप के साथ इन दिनों तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच रहा है जिससे डिहाइड्रेशन का बढ़ना स्वाभाविक है। इससे बचने के लिए तरबूज का सेवन बहुत जरुरी है। यह एक ऐसा फल है जो शरीर को जलयोजित रखने के साथ ठंडक भी पहुंचाता है। इसकी उच्च जल सामग्री त्वचा को हाइड्रेटेड और कोमल बनाए रखने में मदद करती है, जिससे महीन रेखाएं और झुर्रियां कम हो जाती हैं। इस फल में पानी की मात्रा करीब 90 प्रतिशत होती है। यह प्यास बुझाने और पसीने के माध्यम से खोए गए इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से भरने में काफी मददगार साबित होता है।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सब्जी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजीव ने मंगलवार को बताया कि गर्मियों ने दस्तक दे दी है, ऐसे में सेहत का ध्यान रखना बेहद जरुरी है। गर्मी के चलते डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है ऐसे में शरीर को अंदर से हाइड्रेटेड रखना बेहद जरुरी है।



इसके लिए तरबूज का फल बेहतर विकल्प है जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए अच्छा काम करता हैं।

ये शरीर को अंदर से ठंडा और जलयोजित रखता है। रसायन शास्त्र में जलयोजित (हाइड्रेट) एक ऐसा पदार्थ है जिसमें जल या इसके घटक तत्व शामिल होते हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि यह फल हाइड्रेशन का पावरहाउस कहा जाता है। इसके अलावा तरबूज पोटेशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है जो शरीर के तरल पदार्थ के संतुलन को बनाए रखने में सहायता करता है। तरबूज विटामिन ए और सी का भी एक अच्छा स्त्रोत है, जो विशेष रुप से गर्मी के महीनों के दौरान स्वास्थ्य को सही रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## प्रधानमंत्री के चार सौ पार का दावा पहले ही चरण में ध्वस्त : शैलजा

**यमुनानगर। एजेंसी**

पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर बरसीं। उन्होंने देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलने से कोई लाभ नहीं होगा। मंगलवार को यमुनानगर में कांग्रेस नेता निलय सैनी के बेटे के निधन पर शोक व्यक्त करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री शैलजा ने कहा कि प्रधानमंत्री हर रोज नई-नई बात करते हैं। वह समाज को बांटने की बात करते हैं, यह देश शांति व भाईचारे वाला देश है। उन्होंने कहा कि भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी के 400 पार, 370 पार के दावे पहले चरण के चुनाव में ही ध्वस्त होते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थिति इतनी बुरी है कि छह



उम्मीदवार उन्होंने ऐसे घोषित किए हैं, जो पहले कांग्रेस में ही थे। उनकी कमजोरी सबके सामने आ चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बदलने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। नए मुख्यमंत्री को कोई स्वीकार नहीं रहा और पुराना मुख्यमंत्री अपनी जगह खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में समाज के सभी वर्गों को न्याय दिए जाने की बात की गई है, जबकि भाजपा का घोषणा पत्र मात्र जुमलेबाजी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता राजस्थान में कुछ बोलते हैं, उत्तर प्रदेश में कुछ बोलते हैं व रोजगार और महंगाई मुद्दों पर कोई बात ही नहीं करते। उन्हें देश को 10 वर्ष का हिसाब देना चाहिए। अब देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी, जो समाज के सभी वर्गों को न्याय देगी। इसी को लेकर कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है। इस मौके पर सढौरा विधायक रेनू बाला, पूर्व मंत्री अकरम खान, पूर्व विधायक राजपाल भूखड़ी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहें।

## जनता ने मुझे जो प्रेम और आशीर्वाद दिया उसके लिए आभार : गणेश

**गोपेश्वर। एजेंसी**

उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद गढ़वाल संसदीय सीट के कांग्रेस उम्मीदवार गणेश गोदियाल मंगलवार को जनता का आभार प्रकट करने चमोली जिले के मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचे। गोदियाल ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जनता ने इस सीट पर मुझे जो भी जनादेश दिया हो, मैं उनके इस जनादेश का सम्मान करता हूं और चुनाव प्रचार के दौरान जो वादे जनता से किये है उन पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में जनता ने उन्हें भरपूर स्नेह और अपना आशीर्वाद दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस चुनाव में चार सौ पार का नारा देकर जनता को भ्रमित करने का पूरा प्रयास किया लेकिन जनता के स्थानीय मुद्दों के आधार पर इस चुनाव का संपन्न करवाया यह



जनता की बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं ने भी इस चुनाव में उनके लिए अच्छा ग्राउंड तैयार किया था जिसमें मुझे खेलने का मौका दिया अब मैं कितने रन बनाने में कामयाब हुआ यह तो ईवीएम मशीन खुलने के बाद ही पता चल पायेगा। एक सवाल के जवाब में गोदियाल ने कहा कि उप चुनाव में बदरीनाथ विधानसभा सीट पर कौन उम्मीदवार होगा इसका फैसला पार्टी के आलाकमान को करना है। इसमें उनका कोई रोल नहीं है।

### सांसद निधि को लेकर झूठ बोल रहे कांग्रेस नेता : सुखराम

**शिमला।** भाजपा संसदीय क्षेत्र प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की झूठ बोलने की आदत कभी गई ही नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप पर झूठे आरोप लगा रहे हैं, वह निराधार है। भाजपा नेता ने कहा कि आरटीआई के माध्यम से प्राप्त जानकारी को कांग्रेस ने तोड़ मरोड़ के पेश किया गया। हम दूसरी चिट्ठी को देख तो उसमें साफ लिखा है कि उपरोक्त विषय यानी एमपी के फंड, पर इस कार्यालय यानी डीसी सोलन के पत्र संख्या पीएलजी/VII-9/ आरटीआई/ 2024-4099-4100 दिनांक 19-04-2024 के अनुक्रम में। यह सूचित किया जाता है कि सूचना का कुछ भाग छूट गया था अर्थात माननीय सांसद, सुरेश कुमार कश्यप ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रु. 18239000/- एक करोड़ अस्सी लाख उनतीस हजार की राशि के कुल 94 कार्यों की संस्तुति किए है, जिनमें से रु. 749000/- सात लाख उन्तालीस हजार मात्र की राशि के 7 कार्य मानसून के बाद एमपीलैड्स के अंतर्गत मरम्मत/पुनर्स्थापना से संबंधित हैं।

### योगी ने बच्चों पर लुटाया प्यार, दिया आशिर्वाद

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बाल प्रेम जगजाहिर है। सारे प्रोटोकॉल परे कर बच्चों से मिलना, उनसे ठिठोली करना, उन्हें दुलारना, खूब पढ़ने का आशीर्वाद देना और चॉकलेट गिफ्ट करना न भूलना उनकी खासियत बन चुकी है। बच्चों के साथ उनकी ऐसी ही आत्मीयता का दृश्य मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में देखने को मिला। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान सीएम योगी मंगलवार सुबह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले थे। इस दौरान भ्रमण पथ पर उन्हें कुछ मासूम बच्चे भी टहलते हुए मिल गए। ये बच्चे अपने परिजनों के साथ मंदिर आए थे। बच्चों को देखते ही मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए उन्हें अपने पास बुला लिया। एक-एक करके सबके माथे पर हाथ फेरकर उन्होंने आशीर्वाद दिया और नाम पूछा। बच्चों ने अलग अलग अपने नाम राजकुमार गिरि, दिव्यांश, पर्णिका जायसवाल, मोनालिसा, सोनाली, जेम्स चौधरी और साहिल भारती बताए। सीएम योगी ने इस दौरान उनसे हंसी-ठिठोली की और दुलारते हुए सबको चॉकलेट गिफ्ट किया।

## जोर से पटाखे की आवाज आने पर भी पाकिस्तान सफाई देने लगता है : योगी

**अमरोह। एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अमरोहा में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज कहीं जोर से पटाखे की आवाज आती है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है, यही होता है भय बिन होय न प्रीत। यही होता है सशक्त नेतृत्व, कांग्रेस के समय ये लोग आंखों में चश्मा लगा कर चुप्पी साधकर बैठ जाते थे। मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने तो इससे भी ज्यादा बेशर्मी की, जिन लोगों ने रामजन्मभूमि और काशी संकटमोचन मंदिर पर आतंकी हमले किये थे, उनके मुकदमे वापस ले कर उन्हें सम्मानित कर रहे थे। ये लोग किस मुंह से सुरक्षा की बात करेंगे।

उन्होंने कहा कि अमरोहा से दिल्ली की दूरी 165 किमी है। यह दूरी तय करने में आजादी के बाद



से 2014 तक 5-6 घण्टे लगते थे। आज मोदी के नेतृत्व में यहां हाईवेज बनवाकर मात्र दो घण्टे दूरी कर दी गयी है। अब तो अमरोहा को हम गंगा एक्सप्रेस वे से भी जोड़ रहे हैं। अब लखनऊ जाना होगा तो चार घण्टे में पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सपा के दौर में देश के संसाधनों पर लूट का अधिकार एक ही परिवार को प्राप्त था, चाहे दिल्ली हो या सैफई। उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने यही कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। अगर ऐसा है तो पाल, सैनी और लोग कहां जाएंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि ये शरीयत कानून लागू करेंगे। पीएम मोदी ने तीन तलाक हटा दिया तो ये लोग कहते हैं कि ये फिर से शरीयत कानून लागू करेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने अमरोहा की जनता से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

## खान यूनिस में इजराइली सेना ने गोले बरसाते हुए किया प्रवेश

**यरुशलम। एजेंसी**

गाजा के खान यूनिस शहर में सोमवार को इजराइली सेना ने तोपों से गोले बरसाते हुए अचानक प्रवेश किया और छापेमारी शुरू कर दी। इजराइली सैनिकों ने वहां पर फलस्तीनी लड़ाकों की धरपकड़ के लिए खाली मकानों और क्षतिग्रस्त भवनों में छापेमारी की है।

छापेमारी के दौरान खान यूनिस के खाली पड़े सबसे बड़े अस्पताल के परिसर में कई सामूहिक कब्रें पाई गई हैं जिनमें बड़ी संख्या में गोली से मरे लोगों को दफन किया गया है। माना जा रहा है कि इन लोगों को इजराइली सैनिकों ने मारकर जमीन के नीचे दबा दिया था। गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस पर इजराइली हमले के दौरान हजारों लोगों ने नासेर अस्पताल परिसर में शरण ली थी। इजराइली सैनिकों ने अस्पताल में घुसकर कार्रवाई की और उसकी तलाशी ली। इस दौरान अस्पताल में लोगों के मारे जाने की जानकारी सामने आई थी। अब यह अस्पताल खाली है और गाजा प्रशासन के अधिकारियों ने जब वहां का दौरा किया तो उन्हें वहां पर सामूहिक कब्रें मिली हैं जिनमें दफन 283 लोगों के शव मिल चुके हैं। गाजा प्रशासन का आरोप है कि इजराइली सेना ने आमजनों को मारकर उनके शवों को दफना दिया। इजराइली सेना का यह कृत्य सामने आने पर गाजा में सात अक्टूबर, 2023 के बाद मरने वाले फलस्तीनी लोगों की संख्या बढ़ सकती है।

इजराइल के मिलिट्री इंटेलीजेंस विभाग के निदेशक मेजर जनरल हेरोन हालिवा ने पद से इस्तीफा दे दिया है। रक्षा मंत्री योएव गैलेंट ने उनका इस्तीफा स्वीकार करने की संस्तुति कर दी है लेकिन नई व्यवस्था होने तक हालिवा को पद पर बने रहने के लिए कहा है।

**लोकआस्था**

लंका में विभीषण और सीता के सम्मान की रक्षा की

# चरित्रवान की ही होती है पूजा : विज्ञानानंद सरस्वती

- साधकों ने उपासना कर विश्व कल्याण की कामना की
- हनुमान जी की प्रपत्ति में कोई लालच या मोह नहीं है

**हरिद्वार। एजेंसी**

श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परम अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा है कि जिसे भोगों की भूख नहीं होती वही चरित्रवान बनता है और चरित्रवान के ही चित्र की पूजा होती है। वे आज विष्णु गार्डन स्थित श्री हनुमत गौशाला सत्संग हॉल में हनुमान जयंती के अवसर पर भक्तों को हनुमान चरित्र की कथा का अमृतपान करवा रहे थे।

- कई प्रदेशों के साथ बड़ी संख्या में आए स्थानीय भक्तों से उन्होंने हनुमानजी के चरित्र से प्रेरणा लेने का आवाहन किया



हनुमानजी को सृष्टि का सबसे बड़ा रक्षक बताते हुए उन्होंने कहा कि लंका में विभीषण और सीता के सम्मान की रक्षा की, भगवान राम और सुग्रीव के सम्मान, भरत के भ्रातत्व की रक्षा करने वाले हनुमान जीवन और सम्मान दोनों के सबसे बड़े रक्षक हैं। व्यक्ति की महानता को वेदांत के सिद्धांतों से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि पिता धर्मात्मा और माता पतिव्रता हो तो उत्तम संतान की प्राप्ति होती है। कई प्रदेशों के साथ बड़ी संख्या में आए स्थानीय भक्तों से उन्होंने हनुमानजी के चरित्र से प्रेरणा लेने का आवाहन किया।

निर्धन निकेतन संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य आचार्य चंद्रभूषण ने शतायु संत स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती की तुलना करपात्री जी महाराज और स्वामी अखंडानंद से करते हुए कहा कि सृष्टि में सात अमर आत्माओं में चर्चा केवल हनुमान जी की ही होती है। मंदिर भी हनुमान जी के सर्वाधिक हैं और चालीसा भी हनुमान जी का ही है। भक्ति और प्रपत्तिका भावार्थ समझते हुए उन्होंने कहा कि भक्ति तो सकाम भी हो सकती है लेकिन हनुमान जी की प्रपत्ति में कोई लालच या मोह नहीं है। हनुमान जयंती के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ साधकों ने सपरिवार हनुमत उपासना कर विश्व कल्याण की कामना की।

## राजनीति : विपक्ष के आधे नेता जेल में और आधे बेल पर : जेपी नड्डा

**टीकमगढ़। एजेंसी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार मिटा रहे हैं, दूसरी ओर इंडी अलायंस भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है। कांग्रेस के जमाने में कोयला, पनडुब्बी, हेलिकॉप्टर, चीनी, चावल, कॉमनवेल्थ और 2जी घोटाला हुआ। इन्होंने तीनों लोक में घोटाला किया। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव बेल पर हैं। अरविंद केजरीवाल और टीएमसी के मंत्री जेल में हैं। ये आधे बेल पर हैं और आधे जेल में हैं। ये डाका डाल कर गरीबों का हक छीनते हैं।



भाजपा अध्यक्ष नड्डा मंगलवार को मध्यप्रदेश के प्रवास के दौरान टीकमगढ़ में भाजपा उम्मीदवार वीरेन्द्र कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजनीति की परिभाषा बदल गई है। पहले लोग कहते हैं कि राजनीति में कुछ नहीं बदलने वाला है लेकिन आज लोग खुद कह रहे हैं कि देश और देश की राजनीति बदल गई है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। आज प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप देश के करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

# आंचल प्रधान परिंदों के लिए भी इंतजाम करती है दाना-पानी



**संवाददाता**

**गिद्दी।** पक्षियों के लिए गाजियाबाद जिले की पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के फायर ब्रांड नेता राहुल प्रधान सह धर्मणी आँचल राहुल प्रधान पक्षियों के लिए दाना-पानी का इंतजाम करती हैं।एक बयान जारी कर उन्होंने कहाँ है कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच पशु-पक्षी पानी के लिए इधर उधर दर-दर भटकते है।इस समस्या पर योगी सरकार की ईमानदार छवि के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा (किसान मोर्चा) के राहुल प्रधान सह धर्मणी आँचल राहुल प्रधान ने इन्ही बेजुबान पक्षियों की भूख-प्यास बुझाने के लिए मिट्टी के बर्तनों को रंगरोगन कर उसमें दाना-पानी भरकर पेड़ो और छतो पर रखने का अभियान शुरू किया है।लोगो से अपने-अपने घरों के बाहर एवं छतों के ऊपर छायादार पेड़ो के नीचे मिट्टी बर्तन में पानी और भोजन उपलब्ध कराने के मार्मिक अपील की गई है।इस मुहिम की सभी ने खूब सराहना की है। वही एक बयान जारी कर पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के फायर ब्रांड नेता राहुल प्रधान सह धर्मणी आँचल राहुल प्रधान ने जनपद वासियों से कहा कि गर्मी में बेजुबान परिंदो को राहत देने के साथ ही आगामी 26 अप्रैल को बिना किसी भय या प्रलोभन के मतदान कर राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पूर्व भाजपा किसान मोर्चा फायर ब्रांड नेता राहुल प्रधान सह धर्मणी आँचल राहुल प्रधान ने इन्ही बेजुबान पक्षियों की भूख-प्यास बुझाने के लिए मिट्टी के बर्तनों को रंगरोगन कर उसमें दाना-पानी भरकर पेड़ो और छतों पर रखने का अभियान शुरू किया है।लोगों से अपने-अपने घरों के बहार एवं छतों के ऊपर व छायादार पेड़ो के नीचे मिट्टी के बर्तन में पानी और भोजन उपलज्ध कराने के मार्मिक अपील की है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक अनुष्ठान

**संवाददाता**

**रामगढ़।** हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर पूरे जिला के हनुमान मंदिरों में मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया'हनुमान जी को भगवान शिव का रुद्रावतार माना गया है। हनुमान जी भगवान श्रीरामचंद्र के परमभक्त और समर्पण का प्रतीक हैं। हनुमान जी का संपूर्ण जीवन भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित रहा। हनुमान जी भक्ति, शक्ति, सिद्धी, बुद्धि, वीरता और साहस का प्रतीक हैं। श्री रामनवमी पूजा समिति चट्टी बाजार सत्यनारायण मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्या भंडारा का आयोजन किया गया है। इस



मौके पर संजीव बेरलिया,सुनील गोयल, दीपक बेरलिया, आनन्द बेरलिया, विनीत बेरलिया, पंकज बेरलिया, निखिल पंकज, मनीष, उज्जवल आदि ने सहयोग किया। वही हनुमान जयंती को लेकर शहर के विभिन्न महावीर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। जिले का प्रमुख श्री संकट मोचन मंदिर में हनुमान जयंती के मौके पर सुबह से ही भीड़ दिखी। मंदिर में आरती के बाद 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी ने रामायण पाठ का आरंभ किया। साथी विशेष पूजा अर्चना के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

## एक नजर

### स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया की मनाई गई 166वीं शहादत दिवस



**गिद्दी।** जीएम ऑफिस अरगड्डा चौक के समीप स्थापित शहीद स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया की 166वां शहादत दिवस ग्रामीणों द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सेनानी जीतराम बेदिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओ ने स्वतंत्रता सेनानी जीतराम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए इनके बताएं मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया। साथ ही समाज और देश के लिए कार्य करने की बातें कही। बताया गया कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लोगों के लिए स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया ने अंग्रेजों से लोहा लिया था। महापुरुषों के नाम इतिहास में बरसों बरस अमर रहेंगे। मौके पर राजेश वेदिया, अरुण कुमार बेदिया, वंशी वेदिया, संदीप बेदिया, अर्जुन राम, डब्लू कुमार, रवि, ननकू, पप्पू, कुंती देवी, शिवानी, ज्योति समेत ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### बैंक ऑफ इंडिया में चोरी का प्रयास करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**पतरातू(रामगढ़)।** जिला के पतरातू थाना क्षेत्र में स्थित बैंक आफ इंडिया शाखा में पिछले 15 अप्रैल की रात को चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया। चोरों ने बैंक के खिड़की को तोड़कर प्रवेश किया था। इस संबंध में पतरातू थाना में एक प्राथमिक की दर्ज की गई थी। इस सूचना पर जिला के पुलिस अधीक्षक द्वारा एक टीम का गठन किया गया था। एसपी द्वारा गठित टीम ने बैंक के सीसीटीवी कैमरे को खँगाल अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया। पुलिस ने छापामारी अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया । पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्ति वीरेंद्र साहू पिता रघुनाथ साहू थाना पतरातू जिला रामगढ़ ने उक्त घटना में अपनी संलिपिता को स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बताए गए निशान देही पर बैंक में प्रयुक्त किए गए लोहे का सबल को बरामद कर लिया। गिरफ्तार वीरेंद्र साहू को पुलिस ने जेल भेज दिया है' वीरेंद्र साहू को गिरफ्तार करने में पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता,शिव कछप, प्रदीप रजक एवं सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

### हरि कीर्तन होने से पूरा गांव भक्ति भाव में लीन हो जाता है : ममता देवी



**गोला।** गोला प्रखंड के पुरबडीह में चल रहे पांच दिवसीय हरिकीर्तन में बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी जी। साथ ही राधा कृष्णा मंदिर और मां दुर्गा जी के मंदिर में माथा टेक कर भगवान श्री कृष्ण और माता राधा रानी और मां दुर्गा जी से आशीर्वाद प्राप्त की क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। हरि कीर्तन में शामिल होने पर कमिटी के द्वारा पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी जी का माला पहनाकार स्वागत किया गया। मौके पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष राधा बिनोद प्रजापति, सचिव शंकर राम, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार, नीलकमल महथा, दीप नारायण महतो, महावीर महतो, सुरेश राम, शंभू महतो, पिंटू महतो, अनूप,दीपक,कपिल,श्रीकांत, सत्रजित, आशीष, गौरी शंकर महतो, संतोष महतो सहित सैकड़ो महिला पुरुष भक्त उपस्थित थे।

### आशीर सिन्हा ने बाबू वीर कुंवर सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



**हजारीबाग।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह जी के विजय उत्सव के पावन अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद जयंत सिन्हा के पुत्र आशीर सिन्हा ने हजारीबाग स्थित सर्किट हाउस चौक के पर स्थापित बाबू वीर कुंवर सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर आशीर सिन्हा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह जी हम सब के प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी देश की आजादी के नाम कुर्बान कर दिया था। बाबू वीर कुंवर सिंह जी ने आजादी के लिए अलख जगह थी।

## नए मतदाताओं का नाम मतदाताता सूची में दर्ज कर चतरा का नाम हुआ रौशन

# निष्पक्ष एंव भयमुक्त वातावरण में होगा मतदान : उपायुक्त

**संवाददाता**

**चतरा ।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का शत प्रतिशत होगा पालन।निष्पक्ष एंव भयमुक्त वातावरण में होगा मतदान। अधिसूचना जारी होने के बाद से अब तक 16 हजार नए मतदाताओं का नाम मतदाताता सूची में दर्ज कर झारखंड प्रदेश में चतरा का नाम हुआ रौशन। 18 करोड़ 72 लाख रुपये का निशिले पदार्थ अब तक हुए जब्त। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा का



मतदान प्रतिशत राज्य के मतदान प्रतिशत से कम था। इस बार जिले के 914 मतदान केंद्रों में से 350 मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है।जिसमें मतदान प्रतिशत कम हुआ था। उन मतदान केंद्रों के मतदाताओं में रात्रि चौपाल आयोजित कर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 350 मतदान केंद्रों में से 50 मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विशेष निगरानी के लिए मैं और डीडीसी समेत जिले के पदाधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि नए मतदाताओं के नाम जोड़ने में डीडीसी पवन कुमार मंडल समेत जिला प्रखंड एंव बीएलओ की अति सराहनीय योगदान रहा है। जिसके कारण झारखंड प्रदेश में चतरा जिला का नाम मतदाताओं के नाम जोड़ने में बेस्ट परफॉर्मेंस पेश किया है। उन्हों ने कहा कि 107 के तहत अब तक 1461 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। मतदान पूरी तरह निष्पक्ष एंव भयमुक्त हो इसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया है कि निर्भीक होकर अपने मतों का उपयोग करें. मतदाताओं में जागरूकता के लिए जिले के सभी 914 बूथों पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। चतरा एसडीओ सुरेंद्र उरांव, सिमरिया एसडीओ सन्नी राज और डीपीआरओ शकील अहमद प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद थे।

# पंचतत्व में विलीन हुए ओल्ड जेवेरियन हांक्सा के अध्यक्ष रीको वर्मा

**संवाददाता**

**हजारीबाग।** नम आंखो से स्वर्गीय रिको वर्मा को अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार जबरा मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। बताते चले की स्वर्गीय रिको वर्मा का निधन कल दिनांक 22 अप्रैल 2024 को अपने हजारीबाग आवास में हो गया था। स्वर्गीय रिको वर्मा शहर के गण्यमान व्यक्तियों में गिने जाते थे एवं संत जेवियर स्कूल हजारीबाग के हौक्सा परिवार के लिए उनका योगदान अतुलनीय रहा है। उनके अंतिम संस्कार में शहर के विभिन्न जातियों के लोग उपस्थित रहे। परिवार के सचिव राहुल जैन ने कहा की स्वर्गीय रिको वर्मा एक खूसमीजाज व्यक्तित्व वाले इंसान थे और उन्होंने कभी बड़े छोटे में अंतर नहीं किया और सभी को एक समान देखते थे। उन्होंने कहा की आज उनके अंतिम संस्कार में आने वाले व्यक्ति सभी जाति धर्म से थे



जिससे धर्मनिरपेक्षता का एक उद्धारण समाज में पेश हुआ है। उन्होंने कहा की स्वर्गीय रिको वर्मा का संसार से जाना हजारीबाग के लोगो के लिए कभी ना पूरा होने वाला क्षति है। स्वर्गीय रिको वर्मा के अंतिम संस्कार में संपूर्ण होक्सा परिवार, हॉक्सा गवर्निंग काउंसिल संत जेवियर स्कूल के प्राचार्य फादर रोशनर, पूर्व प्राचार्य फादर जेम्स, शिक्षक देवरथ मित्रा, पूर्व शिक्षक शाहजी फिलिप्स, नाग एवं अन्य शिक्षक गण, दीना यादव, निशांत ओझा, एक्सरे के मालिक व अन्य भी शामिल हुए।

## खबर का असर

# खबर छपते ही पतरातू लेक रिजॉर्ट में बने उड़ते घोड़े का मरम्मत कार्य हुआ शुरू

**संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातु लेक रिजॉर्ट मैं उड़ते घोड़े का जो स्टैचू क्षतिग्रस्त होकर जमीन की ओर धराशाई हो गया था उसे हमारे अखबार में खबर लगने के बाद तुरंत संज्ञान में लिया गया। ज्ञात हो कि हमारे दैनिक अखबार में इसकी खबर सोमवार को छपी थी जिसके बाद मैनेजमेंट के द्वारा तुरंत इसे संज्ञान में लेकर उसकी मरम्मत्ती कार्य प्रारंभ करवाया गया। मंगलवार को पतरातु लेक रिजॉर्ट के मेन गेट के सामने उसे धाराशाई हुए उड़ते घोड़े की मरम्मत करने के लिए टीम पहुंची। वही प्रबंधन से बात करने पर उन्होंने कहा कि इतने दिनों तक विलंब इसलिए हो रहा था क्योंकि कि हमारे पास उस टीम का नंबर नहीं था जिन्हेंने इसे बनाया था। मगर सोचने वाली बात है कि इतने दिनों तक प्रबंधन के पास उस टीम के किसी भी व्यक्ति का नंबर नहीं था और खबर छपते



ही दूसरे दिन वह टीम वहां पहुंचकर मरम्मत का कार्य भी करने लगी। इन सब से यह स्पष्ट होता है कि प्रबंधन की कार्य शैली कितनी सुस्त और धीमी तथा लापरवाही भरी है। बहर हर हम अपनी अखबार की टीम की ओर से भी प्रबंधन का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस खबर को संज्ञान लेते हुए इस घोड़े का मरम्मत करवाना प्रारंभ कर दिया है। वहीं क्षेत्र के लोगों के द्वारा हमारे अखबार को धन्यवाद भी दिया गया तथा कहा गया कि आपके अखबार में यह खबर छपते ही इस उड़ते घोड़े का मरमत्ति कार्य चालू हो गया जो एक सराहनीय पहल है। क्योंकि इस उड़ते हुए घोड़े को देखने के लिए दूर दराज से सैलानी यहां पहुंचते हैं और इस तरह से धाराशाई हुए घोड़े को देखकर कहीं ना कहीं उन्हें निराशा होती है जिससे हमारे पतरातू क्षेत्र की बदनामी भी होती है। यह उड़ता हुआ घोड़ा हमारे क्षेत्र के लिए शान है।

## उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने एक अपराधी को किया जिला बदर

# 3 अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजरी

**संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की



गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं। अपराध कर्मी दीपक करमाली उर्फ नेपाली (पतरातू प्रखंड), अपराध कर्मी सुनील राम उर्फ सुनील मोची (पतरातू प्रखंड), अपराध कर्मी मोनू सोनी (पतरातू प्रखंड) को आगामी 6 महीने के लिए प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है। यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा। इसके अलावा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा विधि व्यवस्था लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी निशांत सिंह स्टीम कॉलोनी, पतरातू के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। अभियुक्त को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है।अभियुक्त को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूवार्नुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

## डीएवी गिद्दी ए में मनाया गया विश्व पुस्तक दिवस

# किताबें सिर्फ पथ प्रदर्शक ही नहीं अपितु अकेलेपन का दोस्त भी हैं: मनप्रीय चटर्जी

**संवाददाता**

**गिद्दी।** किताबें हमारी पथ प्रदर्शक बन कर न सिर्फ हमें ज्ञान देती हैं, बल्कि अकेलेपन में तो यह दोस्त बन कर साथ भी निभाती हैं।बच्चों को किताबों से जोड़ने के उद्देश्य से आज डीएवी गिद्दी ए में विश्व पुस्तक दिवस एवं कॉपीराइट दिवस मनाया गया।

विदित है कि आज के हीं दिन यूनेस्को तथा भारत सरकार ने शिक्षा, संस्कार, ज्ञान तथा विज्ञान आदि को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इसे पुस्तक दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। विद्यालय में अंग्रेजी क्लब के द्वारा आयोजित एक विशेष सभा में अंग्रेजी साहित्य के महानतम लेखकों में से एक विलियम शेक्सपियर के जन्म तिथि को उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया।विद्यालय के प्राचार्य मनप्रीय चटर्जी ने इस अवसर पर



बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किताबें मनुष्य का सबसे अच्छा मित्र है और ज्ञान अर्जित करने का बेहतरीन माध्यम। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध किताबों का फायदा बच्चों को अवश्य उठानी चाहिए। पुस्तकें ज्ञान तथा नैतिकता की संदेशवाहक, अखंड सम्पत्ति, भिन्न-भिन्न प्रकार की संस्कृति हेतु एक खिड़की तथा चर्चा हेतु एक औजार का काम करती हैं।इस अवसर पर विद्यालय के अंग्रेजी के शिक्षक सुनील कुमार, अमित सिन्हा, आर. सी महाराणा और श्रीमती वंदना चटर्जी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

### एसवीएम विद्यालय में हनुमान जयंती मनाई गई

**पतरातू ।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू बाजार विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जयंती व 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अप्रतिम योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर कुंवर सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। जयंती पर विद्यालय के भैया बहनों ने बड़े ही उत्साह के साथ वीर कुंवर सिंह के जीवनी, 1857 ई. की गौरव कथा, कविता पाठ, राष्ट्रभक्ति गीत, भजन, प्रेरक जीवन प्रसंग प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यालय के आचार्या दीदी के द्वारा भी वीर कुंवर सिंह के विजय उत्सव पर प्रकाश डाला गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेंद्र पांडेय के द्वारा 23 अप्रैल को विजय दिवस क्यों मनाते हैं इस पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए और वीर कुंवर सिंह की अदम साहस और वीरता का बखान किया गया। वहीं जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य, आचार्या दीदी भैया-बहनों व अन्य ।

# बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव सह जयंती समारोह मनाई गई



**संवाददाता**

**रामगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रामगढ़ के तत्वाधान में आज( सन 1857) आजादी के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह जी का विजयोत्सव सह जयंती समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ'समारोह की शुरूवात सर्वप्रथम नई सराय चौक स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह जी के मूर्ति पर महासभा एवं शहर के गणमान्य लोगों के द्वारा मालार्पण किया गया तत्पश्चात महासभा भवन में वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश भक्ति का जज्बा के लिए उम्र कोई मायने नहीं होती' वृद्धावस्था में भी वीर कुंवर सिंह ने सन 1857 में ब्रिटिश सेना के दांत खट्टे कर दिए ! हमें उनकी वीरता से देशभक्ति की सीख लेनी चाहिए। समारोह में मुख्यरूप से प्रदीप कुमार सिंह,अमरजीत सिंह, अखिलेश कुमार सिंह ,विनय कुमार सिंह ,पूनम सिंह, अरविंद कुमार सिंह चंद्रभूषण सिंह ,मिथिलेश सिंह ,सुरेंद्र सिंह ,शेखर सिंह, बीपी सिंह ,अखिलेश सिंह कुजू, पूर्णिमा सिंह ,मधु सिंह, साधना सिंह ,प्रतिमा सिंह, रोनित सिंह मिथिलेश सिंह गोलपार, दीपांशु सिंह मिथिलेश कुमार सिंह ,संतोष कुमार सिंह ,नीलम दत्त सिंह ,मनोज कुमार सिंह, इंद्रजीत सिंह, नारायण सिंह आकर्ष सिंह ,आशुतोष राणा आदि उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999